e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 52

सुविचार

यदि आप अपने ऊपर विश्वास रखते हैं, तो आप किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
22.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### ईडी ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह मामले में चीकू को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह एवं अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है।आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। चीकू को पंचकुला में धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उसे पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

### देश के दिग्गज वकील फली एस नरीमन का निधन

**नई दिल्ली :** देश के दिग्गज वकीलों में शुमार रहे फली एस नरीमन का निधन हो गया। वह 95 साल के थे। उन्होंने कानून की पढ़ाई गर्वनमेंट लॉ कॉलेज, मुंबई से की थी। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट से अपना करियर शुरू किया था। इंदिरा गांधी सरकार ने उन्हें एडिशनल सॉलिसिटर जनरल बनाया था। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 में रंगून में हुआ था।इंदिरा गांधी के देश में आपातकाल लगाने के विरोध में नरीमन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह वकालत करने लगे। उनके पुत्र रोहिंग्टन नरीमन बाद में देश के सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया बने और बाद में सुप्रीम कोर्ट के जज भी बने। फली एस नरीमन 1991-2010 तक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे थे।फली एस नरीमन को 1991 में पद्म भूषण और 2007 में उन्हें देश का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान पद्म विभूषण सम्मान दिया गया था। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने नरीमन के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एक दिग्गज महापुरुष को हमने खो दिया है।

### राज्यसभा चुनावः 56 सीटों में से 41 सीटों पर निर्विरोध जीते उम्मीदवार

**नई दिल्ली :** राज्यसभा।की 41 सीटों पर उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत गए हैं.बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पार्टी के अन्य तीन अन्य उम्मीदवार गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं. जेपी नड्डा के अलावा अन्य के नाम हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया, बीजेपी नेता जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक हैं.बीजेपी उम्मीदवार देवेन्द्र प्रताप सिंह राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए हैं. राज्य में राज्यसभा के लिए एकमात्र सीट थी, जो बीजेपी के पाले में गई है. बीजेपी ईकाई के पूर्व अध्यक्ष सुभाष बराला राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए हैं. राज्य में एकमात्र सीट पर बीजेपी का उम्मीदवार निर्विरोध चुना गया है.बीजेपी अध्यक्ष महेंद्र भट्ट राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं. वह अनिल बलूनी की जगह लेंगे, उनका राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा है. राज्यसभा के छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं, इनमें तीन उम्मीदवार एनडीए के हैं और 3 अन्य उम्मीदवार इंडिया गठबंधन के हैं. बीजेपी की धर्मशीला गुप्ता और भीम सिंह के साथ ही जेडीयू के संजय कुमार झा नर्विरोध चुने गए हैं।

### जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने दिया इस्तीफा

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने अपने पद से बुधवार को इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने का कारण उन्होंने व्यक्तिगत बताया है।पिछले दिनों जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का प्रश्न पत्र लिक हो गया था। इसके बाद जमकर हो-हंगामा हुआ था। छात्रों के प्रदर्शन के बाद आयोग ने परीक्षा को रद्द कर दिया था, वहीं आगे होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया था। छात्र मामले की सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मामले की जांच पड़ताल के लिए सरकार के निर्देश पर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी मामले की जांच कर रही है। अबतक रांची और पटना से कई लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। मामले की जांच जारी है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह व मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ कार्यक्रम

# शिक्षा का ऐसा दीपक जलाएंगे जो कभी बूझेगा नहीं : चंपाई

**24 हजार आवास विहीन परिवारों के बीच अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र का वितरण एवं मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के अंतर्गत 83 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर सीएम के किया रवाना**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वर्ष 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराएगी। लक्ष्य के अनुरूप राज्य सरकार पात्र लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ देना प्रारंभ कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले 3 महीने बाद 9 लाख पात्र आवास विहीन परिवारों को एक साथ अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे। आज इस मंच से रांची, लोहरदगा एवं गुमला जिला के 24 हजार से ज्यादा की संख्या में लाभुक परिवारों को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र देने के साथ-साथ पहली किस्त की राशि भी डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों को अनुमंडल से जिला तक के आवागमन की सुविधा को सुलभ करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत 83 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई है। शीघ्र ही 250 से अधिक गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में अब दौड़ेंगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में आयोजित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह एवं मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

### हर खेत में पानी, हर घर में हो रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के किसान भाइयों के खेतों पर पानी पहुंचाने को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संताल, कोल्हान एवं पलामू प्रमंडल में पाइपलाइन के माध्यम से हर खेत पर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार की सोच है कि राज्य के किसान परिवारों को अधिक से अधिक मदद पहुंचा कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जाए। प्रत्येक परिवारों तक रोजगार उपलब्ध कराया जा सके इस निमित्त मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जरूरतमंदों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार की एक-एक योजना को विकास की राह में खड़े अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हमारी वैसी माताओं-बहनों के लिए फूलों झानों आशीर्वाद योजना संचालित की है जो हड़िया-दारु बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। अब इन माताओं-बहनों को फूलों झानों आशीर्वाद योजना से जोड़कर मुख्य धारा में लाने का कार्य किया जा रहा है। हजारों की संख्या में महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। हमारी सरकार सभी को मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को भरपूर सहयोग कर रही है।

### अब 125 यूनिट तक मुफ्त मिलेगी बिजली

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारी सरकार झारखंड वासियों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 100 यूनिट बिजली नि-शुल्क उपलब्ध कराने का कार्य कर दिखाया है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की सोच को आगे बढ़ते हुए हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि अब 125 यूनिट बिजली राज्य वासियों को मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी।




### 15 हजार किलोमीटर सड़क का हो रहा है राज्य में निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। हमारी सरकार की सोच है कि ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ जिला मुख्यालय तक जोड़ने के लिए अच्छी सड़कों का जाल बिछा सकें। पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में ही सड़क निर्माण कार्यों का प्रारंभ हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में रोड कनेक्टिविटी बेहतर हो सके इस हेतु राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

### सभी वर्ग-समुदाय के धार्मिक स्थलों को किया जा रहा है संरक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के सभी वर्ग-समुदाय के लोगों की धार्मिक आस्था को सम्मान दिया जा रहा है। राज्य के सभी धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। किसी भी व्यक्ति के धार्मिक आस्था पर ठेस न पहुंचे इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

### अबुआ आवास योजना के 20 लाख आवेदन पर स्वीकृति दी गई

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में चलायी गई आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविरों में 29 लाख से अधिक अबुआ आवास योजना के आवेदन प्राप्त किए गए। राज्य सरकार ने 20 लाख अबुआ आवास योजना के आवेदनों पर स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय की पीड़ा को हमारी सरकार ने समझा है। झारखंड खनिज संपदा वाला प्रदेश रहा है परंतु यहां की खनिज संपदाओं का लाभ दूसरे प्रदेशों के लोगों ने उठाया है। यहां के गरीब, मजदूर, किसान को खनिज संपदाओं के हक-अधिकार से दूर रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की खनिज संपदाओं का दुरुपयोग हुआ है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने का भरपूर प्रयास कर रही है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री दीपक बिरुवा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर दशरथ चंद्र दास, पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण, तीनों जिलों से पहुंचे लाभुक तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### सपा-कांग्रेस में फाइनल हुआ गठबंधन

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन तय हो गया. यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुधवार को इसका ऐलान किया. कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय हो गया. इसके तहत कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 17 सीटों पर तो समाजवादी पार्टी और अन्य सहयोगी पार्टियां यूपी की 63 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी.अखिलेश यादव की सपा के साथ कांग्रेस के गठबंधन में प्रियंका गांधी ने भी अहम भूमिका निभाई. प्रियंका गांधी ने बुधवार को अखिलेश यादव से फोन पर बातचीत कर आज गठबंधन फाइनल करने को कहा था. कांग्रेस नेता ने मुरादाबाद सीट की अपनी जिद छोड़ दी.कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, गठबंधन मजबूती के साथ लड़ेगा और एनडीए को हराएगा. दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे का सहयोग करेंगे.यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा, सपा और कांग्रेस के बीच सीटों पर सहमति बन गई है. कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अन्य 63 सीटों पर इंडिया गठबंधन के साथी चुनाव लड़ेंगे.समाजवादी पार्टी के महासचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि यह गठबंधन पूरे देश के लिए संदेश है. उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटें हैं. अखिलेश यादव ने बार बार कहा है कि यूपी से ही बीजेपी केंद्र में आई थी, यूपी की वजह से ही 2024 में सत्ता से जाएगी.

# सर्वसुलभ बनेगा स्वास्थ्य तकनीक : डॉ. मंडाविया




एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना एक स्वस्थ भारत, एक विकसित भारत बनाना है। ऐसा भारत जिसमें प्रत्येक नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। सभी को आसानी से सही और सस्ती दवा उपलब्ध हो। बुधवार को असम के डिब्रूगढ़ में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए अनुसंधान प्राथमिकता पर क्षेत्रीय परामर्शदात्री कार्यशाला का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए डॉ. मंडाविया ने उक्त बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार आवश्यक चिकित्सा की तर्ज पर आवश्यक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है। ये प्रयास आने वाले समय में सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य तकनीकों को उपलब्ध, सुलभ, किफायती और न्यायसंगत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि अमीर-गरीब का भेद किए बिना सभी को समान रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इस कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान, शिलांग और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र,डिब्रूगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मेघालय सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. माज़ेल अम्पारीन लिंगदोह भी उपस्थित थे।इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने वर्चुअली एक मार्केट प्लेस का भी उद्घाटन किया और आईआईपीएच, शिलांग में स्वास्थ्य अर्थशास्त्र और प्रौद्योगिकी मूल्यांकन पर एक मास्टर कार्यक्रम शुरू किया। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के महानिदेशक और आईसीएमआर के सचिव डॉ. राजीव बहल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

किसान आंदोलन : पराली में मिर्च पाउडर डालकर पुलिस को घेरा, किया हमला

# 12 जवान गंभीर रूप से घायल

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** किसान आंदोलन से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने पथराव के साथ लाठी और गंडासे इस्तेमाल करते हुए पुलिसकर्मियों पर हमला किया, जिसमें लगभग 12 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए. हरियाणा पुलिस की प्रवक्ता मनीषा चौधरी ने बताया कि हरियाणा के दाता सिंह-खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों ने पराली में मिर्च पाउडर डालकर पुलिस को चारों तरफ से घेर लिया था.

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े. फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे. हरियाणा पुलिस ने अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़े. आंसू गैस के गोले छोड़े जाने के बाद अराजकता की स्थिति पैदा हो गयी और किसानों को इलाके में धुआं फैलने के कारण बचने के लिए इधर-उधर भागते देखा गया. कई प्रदर्शनकारी किसानों को आंसू गैस से अपने आप को बचाने के लिए मास्क और चश्मा पहने हुए देखा गया. किसान नेताओं ने किसानों से सीमा बिंदुओं पर शांति बनाए रखने को कहा है.



### झड़प में एक किसान की मौत

हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प में एक किसान की मौत हो गई. किसान की मौत के बाद किसान नेताओं ने दो दिन के लिए दिल्ली कूच को स्थगित करने का ऐलान किया है. हालांकि किसान नेताओं का कहना है कि इस दौरान प्रदर्शन जारी रहेगा. सरकार के साथ चौथे दौर की बातचीत फेल होने के बाद बुधवार को किसानों ने पंजाब-हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर और हरियाणा-पंजाब के दातासिंहवाला-खनौरी बॉर्डर से दिल्ली पहुंचने की कोशिश की. किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने यहां कई राउंड आंसू गैस छोड़ी. रबर बुलेट्स भी दागे गए. इस बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने फिर से किसानों को बातचीत का न्योता भेजा है. शंभू बॉर्डर पर किसान मीटिंग में केंद्र के प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं.

# 1000 करोड़ का ड्रग्स ज़ब्त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पुणे पुलिस ने दिल्ली के हौजखास इलाके में बड़ी छापेमारी करते हुए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग्स बरामद किए हैं. बता दें कि पुणे पुलिस नियमित रूप से ड्रग्स की छापेमारी कर रही है.

इससे पहले पुणे पुलिस ने क्राइम ब्रांच की मदद से पुणे के विश्रांतवाड़ी इलाके से 100 करोड़ से अधिक के ड्रग्स जब्त किए थे.इसके बाद अब पुणे पुलिस ने दिल्ली के हौजखास में भी छापेमारी की है. पुणे से अब तक 1,100 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त किए जा चुके हैं. वहीं दिल्ली से भी अब 1,000 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए गए हैं.




पुलिस ने दिल्ली और पुणे से अबतक लगभग 3,000 करोड़ की ड्रग्स जब्त किए हैं.बताया जा रहा है कि पुणे पुलिस की यह इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है. पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने दो दिन में 1,100 करोड़ रुपये कीमत का 600 किलो मेफेड्रोन जब्त किया है. इस मामले में अनिल साबले नाम के एक फैक्ट्री मालिक को पुलिस ने महाराष्ट्र के डोंबिवली से हिरासत में लिया है.इसस पहले 19 फरवरी को भी पुणे में पुलिस की क्राइम ब्रांच ने देर रात चलाए गए एक ऑपरेशन में 55 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त किया था. इसके बाद कुरुकुंभ एमआईडीसी में एक केमिकल कंपनी पर छापा मारकर एमडी ड्रग्स जब्त किया गया था.

# सात अपहरणकर्ता गिरफ्तार, बालक बरामद

एजेंसी

**देहरादून :** अपहरणकर्ताओं के मंसूबों को नाकामयाब करते हुए पुलिस ने मात्र कुछ घंटों के भीतर ही सात अपहरणकर्ताओं के गिरफ्तार कर बालक को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है।

मामला देवप्रयाग थाना क्षेत्र का है।पुलिस के अनुसार बीती 19 फरवरी को मनीष चौधरी पुत्र दीवान सिंह निवासी हाल महादेव सर्विस सेन्टर पेट्रोल पम्प देवप्रयाग ने थाने में दी शिकायत में बताया कि मेरा साला 18 वर्षीय रवि कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी गोविन्दपुरम पेट्रोलपम्प देवप्रयाग को पेट्रोलपम्प देवप्रयाग से एक आर्टिगा कार से समय करीब 6.30 बजे सायं सौरभ चौहान सहित सात व्यक्तियों ने उसे जबरन उठाकर गाड़ी में बैठाकर ऋषिकेश की तरफ अज्ञात स्थल हेतु लेकर गये हैं।मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर अपहणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी गयी।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार ह्रदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

## थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बुधवार को नये थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया । योगदान के बाद क्षेत्र भ्रमण पर निकले, जहाँ पत्रकारों से कहा भवनाथपुर को अपराध मुक्त बनायेंगे,इसमें भवनाथपुर के लोगों का सहयोग की आवश्यकता होगी। कहा थाना में हर व्यक्ति अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र होगा। आगे कहा कि विधालय, कालेज में पढ़ने जाने वाली बच्चियां निर्भीक होकर जाएगी तथा मनचलों पर पुलिस की पैनी निगाह होगी। कहा भवनाथपुर को अपराध मुक्त तथा स्वच्छ बनाने में आप हमारी मदद करें,इसके बदले पुलिस आपके साथ 24 घंटे खड़ी रहेगी।

## छतरपुर थाना में नए प्रभारी ने पदभार ग्रहण किया



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना के नए प्रभारी के रूप में अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को योगदान दिया। इससे पहले अनिल कुमार सिंह रांची जिला के हिन्दपीढ़ी थाना में सन सब इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत थे अनिल कुमार सिंह 2018 बैच के पदाधिकारी है उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमन चयन काय्यम रहेगी अपराधियों पर नकेल कसे जायेगे।

## युवाओं की मांग पर क्रिकेट किट देकर युवाओं की मांग की पूरी : अभिमन्यु



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र स्थित भोलवाटाड इलाके के रहने वाले युवाओं ने अपनी बात रखते हुए पूर्व प्रत्याशी अभिमन्यु (बबलू )सिंह से क्रिकेट किट की मांग की थी, और अपनी समस्या रखते हुए युवाओं का कहना था पूरी क्रिकेट किट के बगैर हम लोग ठीक ढंग से क्रिकेट नहीं खेल पाते हैं। इस समस्या को देखते हुए श्री सिंह ने क्रिकेट प्रेमी युवाओं के लिए पूरी क्रिकेट किट खरीद कर युवाओं को दिया, पूरी क्रिकेट किट पाकर युवा काफी खुश नजर आए, मौके पर उपस्थित श्री सिंह ने युवाओं को किसी भी तरह का समस्या आने पर सूचना देने की बात कही और बोला युवाओं को खेल का क्षेत्र हो या शिक्षा का क्षेत्र हो युवा आगे बढ़े और देश एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें.

## निवर्तमान थाना प्रभारी ने वर्तमान थाना प्रभारी का किया स्वागत



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने पिपरा थाना के नए थाना प्रभारी एसआई विमल कुमार का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी. अमित कुमार सिंह ने कहा कि पिपरा थाना क्षेत्र के लोगों को मैं आजीवन याद रखूंगा. यहां के लोगों ने हमसभी को भरपूर सम्मान एवं सहयोग दिया है. आशा यही है कि आगे भी क्षेत्र में शांतिव्यवस्था बनी रहेगी.इस मौके पर एसआई पीनियस मुंडा एएसआई सुरेंद्र सिंह अनिल कुमार नायक मुंशी महेश महतो आईआरबी के लक्ष्मण शाह विजय कुमार सिंह राजकुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## ग्राम हरिना मे शानदार विरहा कार्यक्रम की अयोजन आगामी 23 फरवरी को

**नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के ग्राम हरिना मे संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे भोजपुरी के स्टार विरहा गायक राजकुमार यादव और कंचन काजल गीत संगीत आगामी 23 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार की अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे और 24 फरवरी के पूजा अर्चना के तत्पश्चात बच्चों के द्वारा नुकड़ नाटक भी प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी समाज कल्याण मंच के हरिना के अध्यक्ष सह बहुजन समाज पार्टी के युवा प्रखंड अध्यक्ष श्री अनुज कुमार ने दी।

# बालू माफियाओं द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा अवैध उत्खनन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत ढढ़रा नदी से प्रतिदिन हो रहा बालू का अवैध उठाव, माफिया सहित प्रशासन भी हो रहे मलामाल। समाचार के अनुसार प्रत्येक दिन भवनाथपुर प्रखंड के चपरी तथा मकरी पंचायत के बीच बहने वाली सदाबह ढढ़रा नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। यह बालू चपरी, बेलपहाडी , सरैया,कोण मंडरा, धनी मंडरा सहित कई गांवों में अत्यधिक मनमर्जी दर से कालाबाजारी किया रहा है। प्रतिदिन करीब पांच ट्रैक्टर बालू का अवैध उठाव माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से कर रहे है। उपायुक्त द्वारा गठित टास्क फोर्स अवैध बालू उत्खनन रोकने में नाकाम साबित हो रहे है। वहीं बालू माफिया रातोंरात बालू बेचकर मालामाल हो रहे हैं नियम को ताक पर रख कर हो रहे बालू उठाव के कारण ढढ़रा नदी के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं बालू खनन से नदी में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। चपरी पंचायत के सिंघीताली गांव से पश्चिमी दिशा में नदी बहती है जो उतर दिशा में जाकर मकरी पंचायत के बरवारी गांव से मिलती है। जहां इस नदी का नाम ढढ़रा है। यह नदी भवनाथपुर तथा खरौंधी प्रखंड में मिलते हुए पंडा नदी में मिल जाता है, यह नदी ग्रामीणों के लिए लाईफ लाईन है। जिससे फसलों का पटवन होता है। यदि समय रहते नदी से उत्खनन नहीं रोका गया तो उसके अस्तित्व समाप्ति की ओर है।

**बालू माफिया कैसे करते हैं उत्खनन :-** ढढ़रा नदी से बालू माफिया करीब आधा दर्जन मजदूर लगाते हैं, वह मजदूर कुदाल तगाड़ी से बालू छानकर बाहर निकालते हैं,इसके एवज में उन्हें 500-500 रूपए मिलता है। नदी से निकाले गए बालू को रात में ट्रैक्टर से गांवों में बेचते हैं। बालू माफिया बालू ले जाने से पहले मोटरसाइकिल से रेकी करते हैं। उसके बाद सड़क पर गाड़ी निकालते हैं। बालू के खेल में अंचल कार्यालय तथा पुलिस भी शामिल होती है। ग्रामीण के सुचना पर प्रभात मंत्र संवाददाता बुधवार को ढढ़रा नदी पहुंची तो देखा कुछ मजदूर बालू निकाल रहे हैं, अनजान को देखकर भाग खड़े हुए। जबकि एक 70 वर्षीय व्यक्ति ने बताया यह खेल तीन साल से चल रहा है। बालू बेचने वाला दबंग है विरोध करने पर मारपीट करने लगता है। इसके एवज में पुलिस तथा पत्रकार को भी पैसा देते है।इस बाबत पूछे जाने पर अंचल निरीक्षक विभूति नारायण सिंह ने कहा जानकारी नहीं है। नदी से उत्खनन करना गंभीर विषय है। जांच कर संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जाएगा।

## बीडीओ ने किया मनरेगा कार्यो की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर मनरेगा कार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बीडीओ ने बिरसा हरित योजना अंतर्गत कूप निर्माण कार्य को अविलंब प्रारम्भ कराने, फोटो हो खेल योजना के अंतर्गत चार खेल का मैदान चिन्हित करते हुये 15 दिनों के अंदर उसका प्राकलन तैयार करने का निर्देश दिया.बीडीओ ने कहा कि खेल के मैदान के साथ चेंजिंग रूम और गोल पोस्ट भी शामिल होगा.उन्होंने वर्ष 2023-24 अंतर्गत चल रहे सभी आम बागवानी का सूची तथा कार्य प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.बीडीओ ने सूची बद्ध मजदूरों को मनरेगा कार्यो में कार्य उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, प्रधान सहायक अनिल सिंह, सहायक अभियंता उज्जवल कुमार, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार सहित सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## नामांकन में 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत लंगरकोट गांव के समीप मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय जपला-2 के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल रूप से किया गया उद्घाटन समारोह में पलामू उपायुक्त शशि रंजन कुमार करकमलों द्वारा शुभारंभ किया गया वहीं मौके पर लंगर कोट गांव निवासी ने पलामू उपायुक्त महोदय को विभिन्न समस्याएं को लेकर एक लिखित पत्र सौंपा गया यह आवेदन में लिखा गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला -02 में स्थानीय लंगर कोट गांव के छात्र छात्राओं को नामांकन में 10त्न का आरक्षण दिया जाए एवं जवाहर नवोदय विद्यालय लंगर कोट जपला पलामू शिलापट्ट नाम अंकित किया जाए एवं लंगर कोट गांव ग्रामीणों ने रोजगार एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारी पद हेतु नियुक्ति के लिए उपायुक्त महोदय को सौंपा गया आवेदन मौके पर हुसैनाबाद उपप्रमुख इंदू देवी डॉ रामचन्द्र चौधरी विनोद कुमार चौधरी सोनु कुमार पटेल विकास कुमार चौधरी मनोज कुमार चौधरी दीलीप कुमार चौधरी शिवपूजन चौधरी कमलेश कुमार चौधरी बिक्रमा पासवान सुदामा कुमार पासवान सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता रामवृक्ष सिंह विगन सिंह पवन कुमार पटेल संतोष कुमार सिंह तपेश्वर शर्मा नन्दलाल चौधरी विनय कुमार सिंह अरविंद कुमार शर्मा रामलाल विश्वकर्मा अखिलेश कुमार पासवान मोहित शर्मा गोधन ठाकुर राहुल ठाकुर लच्छू पटेल सूरज अंगद कुमार अरुण कुमार सिंह रामेश्वर राम,अजय गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया प्रोजेक्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** बीआरसी में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में मध्य विद्यालय चेरवाडीह, मध्य विद्यालय घाघरा, मध्य विद्यालय अरसली, मध्य विद्यालय चपरी, मध्य विद्यालय कैलान, मध्य विद्यालय बेलपहाडी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सहित बारह विधालय के बच्चों ने भाग लिया। मध्य विद्यालय चेरवाडीह ने वायु प्रदूषण,मध्य विद्यालय घाघरा हृदय तथा स्थेथोस्कोप, पर प्रोजेक्ट बनाया था, जबकि मध्य विद्यालय चपरी वायु प्रदूषण पर, मध्य विद्यालय कैलान मिक्सी मशिन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मानव उत्सर्जन तंत्र पर प्रोजेक्ट बनाया था. प्रदर्शनी में भाग लिए विधालय के बच्चों से जज शिक्षक उमेश यादव, बीपीओ रविन्द्र मेहता तथा बीआरपी,सीआरपी ने सभी से प्रोजेक्ट के विषय में जानकारी ली। प्रदर्शनी में मध्य विद्यालय घाघरा को प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय कैलान को द्वितीय स्थान तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुए।

# जपला रेलवे स्टेशन पर एक दिवसीय धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** रेल उपभोक्ता समिति ने जिला प्रवक्ता मनोज शर्मा के नेतृत्व में यात्री ट्रेनों को लेकर जपला स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की जबकि संचालन जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने कहा कि रेल प्रशासन इस क्षेत्र से जुड़े हैदरनगर, मोहम्मदगंज,उंटारी रोड, सतबहिनी, कोशियारा, सिगसिगी ,तोलरा समेत दर्जनों स्टेशनों के यात्रियों के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार करती रही है।जब मालगाड़ी को सुलभता से चलाया जा रहा है तो लाइफ लाइन ट्रेनो को भी चलाया जा सकता था।रेलवे प्रशासन ने इस रेलखंड पर पूर्णतः यात्री ट्रेनों को बंद कर आम लोगो की परेशानी व खासकर मरीजो की परेशानी को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने यात्री सुविधाओं का विस्तार व ट्रेन परिचालन की बात कही।कार्यक्रम के माध्यम से पांच सूत्री मांग पत्र दिया गया।जिसमें लाइफ लाइन ट्रेन 03363- 64 का परिचालन अविलंब शुरू करने, पैसेंजर ट्रेनों में 15 डब्बे की रैक सुनिश्चित करने, सीआईसी रेलखंड की पैसेंजर ट्रेनो से अविलंब स्पेशल टैग हटाकर मूल भाड़ा लागू करने,भविष्य में ट्रेनों के बंद करने के पूर्व समिति के सदस्यों से विचार विमर्श करने,पैसेंजर ट्रेनों को रोककर मालवाहक ट्रेनो के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है।मौके पर मुख्य रूप से एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सचितानंद सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, अर्जुन सिंह, इजहार अंसारी, नरेश कुमार पासवान, इम्तेयाज आलम, सुनील कुमार, केदार सिंह, मुकेश सिंह ,गणेश प्रजापति, अवधेश सिंह ,कमलेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## राज्य वृद्धा पेंशन के तहत पंचायत सचिवालय में हुआ कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** बीडीओ सावित्री कुमारी के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड के पचाडूमर,मुकुंदपुर, एवं परसोडीह पंचायत सचिवालय में झारखंड राज्य वृद्धा पेंशन योजना से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पचाडूमर पंचायत सचिवालय में श्याम सुंदर बैठा,मुकुंदपुर में मुखिया मुंगा साह और परसोडीह के जनप्रतिनिधियो ने पेंशन योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत रूप से समझाया। साथ ही प्रतिनियुक्त कर्मियों ने बताया की सभी वर्ग की महिला जिनकी उम्र 50-60 वर्ष के बीच है। उन सभी को पेंशन योजना से लाभान्वित किया जायेगा। जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष जिनका उम्र 50 वर्ष पूरा हो गया है। जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करें। उन्हें भी उक्त पेंशन योजना का लाभ दिया जायेगा। शिविर में पचाडूमर पंचायत में 216, मुकुंदपुर में 122 और परसोडीह में 181आवेदन प्राप्त हुआ। वही प्रतिनियुक्ति कर्मियों ने बताया कि जांचोपरांत योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिलेगा।

# विज्ञान पेपर की परीक्षा कदाचार मुक्त हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विधालय नामुदाग,राजकीय कृत श्री श्याम बिहारी सिंह 10+ 2 हाई स्कूल नामुदाग परीक्षा केंद्र पर के माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024 मे विज्ञान पेपर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई। विज्ञान पेपर की विषय मे कुल 982 विधार्थी ने परीक्षा मे शामिल हुए जिसमें दोनों परीक्षा केंद्र पर सात विद्यार्थी ने अनुपस्थित थे। दोनों परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति शुभम बेला टोपन ने परीक्षा केंद्र कीऔचक निरीक्षण किया है और परीक्षा केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी पंकज कुमार और पप्पु कुमार केंदाधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा और अजीत कुमार के शांतिपूर्ण वातावरण और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए निर्देश दिया और परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि तक 144 धारा लागु रहेगा । उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के इलेट्रोनिक मोबाइल,कलकुलेटर जैसी अन्य उपकरण पाए जाने पर केंद्रधीक्षक व वीक्षकों पर जैक अधिनियम के तहत कानूनी करवाई किया जायेगा।परीक्षा केंद्र पर मौजूद केंद्राधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा,अजीत कुमार, दंडाधिकारी पंकज कुमार, पप्पु कुमार सहायक अवर निरीक्षक श्री टुनटुन कुमार राय समेत सभी वीक्षक मौजूद थे।

# प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों का आज एक दिवसीय कर्मयोगी विएलई प्रशिक्षण संपन्न हुआ.प्रशिक्षण का आयोजन पिपरा प्रखंड सभागार में किया गया था.शिविर में प्रशिक्षक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नागेंद्र कुमार, अरविंद कुमार वीरेंद्र सिंह व ब्लॉक इंचार्ज प्रेम सिंह द्वारा सभी सीएससी संचालकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से कर्मयोगी विएलई कार्यक्रम के बारे में पांच मॉडल प्रस्तुत किया गया एवं सामान्य कर्मयोगी और तकनीकी कर्मयोगी के बारे में बताया गया. इसके अलावा उन्मुखीकरण जीएम पोर्टल , मुखिया का कार्य, पीएम विश्वकर्मा योजना, पिडीआइ, ग्राम ई-स्वराज, डिजिटल पंचायत सहित तकनीकी कौशल से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण लेने वाले में।इस मौके पर पिपरा प्रखंड सीएससी संचालक राजीव कुमार सिंह बबलू कुमार निरंजन विश्वकर्मा आलोक कुमार कुंदन कुमार सुकेश प्रसाद गुप्ता एवं हरिहरगंज से शिवम सौरभ मनीष गुप्ता मोबशिर अहमद सिकंदर कुमार रवि रंजन कुमार शंकर राम विशाल कुमार मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री महावीर मंडल की ओर से आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

**रांची :** श्री महावीर मंडल की ओर से 22 फरवरी को रातू रोड बजरंगबली मंदिर सह गणेश मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। इसमें 1001 महिलाएं कलशयात्रा में शामिल होंगी। कलशयात्रा सुबह नौ बजे रातू रोड बजरंग बली मंदिर से निकलेगी और सती मंदिर से जल लेकर आगे बढ़ेगी। यह जानकारी श्री महावीर मंडल की ओर से गुरुवार को दी गयी है।

### थंमबेलड्री लॉन्ड्री एंड ड्राईक्लीनर्स का उद्घाटन किया गया

**रांची ।** मेन रोड़ स्थित ग्लैक्सी कम्प्लेक्स, फर्स्ट फ्लोर, शॉप संख्या-01, में थंमबेलड्री लाउंड्री ड्रायकेनियर्स का उद्घाटन किया राजीव रंजन, अध्यक्ष झारखण्ड गौ सेवा आयोग द्वारा किया गया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था ) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, अकीलवुल रहमान, डॉ. असलम, मनोज कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, भीम प्रभाकर सरफे आलम एवं अन्य उपस्थित थे। थंमबेलड्री लाउंड्री ड्रायकेनियर्स की संचालिका कुसुम कुमारी द्वारा बताया गया की यह लाउंड्री विश्व स्तरीय सुविधा से युक्त है। यहाँ कम से कम समय में आपको लाउंड्री सेवा प्रदान करेगा। 6299532537 है। पहले आर्डर पर 20 प्रतिशत छुट्ट भी है।

### जीडब्ल्यूआर टीम ने संतोष को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब धारक घोषित किया

**रांची।** संतोष कुमार (प्लस टू समन्वयक और सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के कंप्यूटर साइंस शिक्षक) सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ के लिए नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टाइटल होल्डर हैं। जीडब्ल्यूआर टीम ने उन्हें सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ शीर्षक के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब धारक घोषित किया है। मौजूदा रिकॉर्ड 24 घंटे का था.

# जेएससीए स्टेडियम में क्रिकेट के साथ साथ फोटो प्रदर्शनी का भी उठाए आनंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में ब्रिटेन की सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफी प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काट कर किया लगाई गई है। यह प्रदर्शनी 23 से 27 फरवरी तक रहेगी। इस प्रदर्शनी के लिए ब्रिटिश उप उच्चायोग ने झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त साझेदारी की है।

चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच के दर्शकों के लिए दृश्यों की प्रदर्शनी में वेल्स, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के स्थानों पर प्रकाश डाला जाएगा। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के वरिष्ठ अधिकारियों जिनमें जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय, पूर्व सचिव राजन बॉबी, उपाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र सिन्हा,झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव देबाशीष चक्रवर्ती, बिर्टीश डिप्टी हाई कमिश्नर अमित सेन गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बताया कि संयुक्त रूप से झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के हॉल ऑफ फेम अमिताभ चौधरी पवेलियन में बेस्ट ऑफ ब्रिटेन फोटोग्राफी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (21 फरवरी) रांची में। ब्रिटिश उप उच्चायोग परिवार खेल कूटनीति के माध्यम से यूके और भारत के बीच समृद्ध संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्रिकेट इस रिश्ते का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। बेस्ट ऑफ ब्रिटेन फोटोग्राफी प्रदर्शनी ब्रिटेन के पर्यटक आकर्षणों, स्थलों, ऑफबीट स्थानों और घूमने लायक स्थानों की एक समृद्ध और जीवंत दृश्य टेपेस्ट्री दर्शाती है। प्रदर्शनी का एक प्रमुख विषयगत आकर्षण क्रिकेट है। हमने महिला क्रिकेट पर हमारी भागीदारी सहित यूके-भारत क्रिकेट गतिविधियों की तस्वीरें चुनी हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से इंग्लैंड क्रिकेट टीम की तस्वीरें भी दिखाई गई हैं। हमने आगंतुकों के लिए एक अद्भुत अनुभव तैयार करके वेल्स, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड जैसी जगहों पर सुर्खियां बटोरी हैं। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग ने कहा, भारत और ब्रिटेन के संबंध अवसरों के साथ जीवित हैं और क्रिकेट हमारे देशों को जोड़ने में एक महान उत्प्रेरक है। भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज रोमांचक चरण में है। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव देबाशीष चक्रवर्ती ने कहाः क्रिकेट ने हमेशा राष्ट्रों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और हमने इन दो क्रिकेट शक्तियों के बीच कुछ उल्लेखनीय क्षण देखे हैं। यह प्रदर्शनी वास्तव में खेल भावना, सौहार्द और सौहार्द्र की भावना का जश्न मनाती है।करीब 183 फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड की फोटो अमित सेन गुप्ता द्वारा लगाई गई है।

# रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है : सुभमन गिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट मैच को लेकर भारतीय टीम की रणनीति क्या है इस,की तैयारियों को लेकर बुधवार को भारतीय बल्लेबाज सुभमन गिल ने जेएससीए स्टेडियम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। मुकाबले में भारतीय टीम अच्छे लय में नजर आ रही है। भारतीय टीम ने टेस्ट मुकाबले में 2-1 की बढ़त बनाई हुई है। 23 फरवरी से अपने चौथे टेस्ट मुकाबले को खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। इस बार टेस्ट मुकाबले में बीसीसीआई के चयनकर्ताओं ने युवा खिलाड़ियों को अपना लक आजमाने का मौका दिया है। तीसरे टेस्ट मुकाबले में अपना डेब्यू मैच खेलने वाले सरफराज के भी बल्ले से काफी रन निकाले हैं। सुभमन गिल ने बताया कि जिस तरह से बैटिंग हो रही है उसे देखते हुए टीम का स्कोर लगभग दो सौ से चार सौ के आसपास रहेगा। सरफराज खेल रहे है उस देख के काफी अच्छा लग रहा है। विराट कोहली के टीम में मौजूद नहीं रहने से टीम को काफी फर्क तो पड़ता है पर उनकी जगह बाकी खिलाड़ियों को टीम से खेलने का मौका भी मिल रहा है। टेस्ट मुकाबले में कोई बल्लेबाज 150-200 रन स्कोर करता है तो उस चीज से भी टीम को काफी फर्क पड़ता है। स्पिनर्स तो हमारे बेहतर कर ही रहे हैं। सिचुएशन के हिसाब से खेलना पड़ता है, बाहर से लोगों द्वारा बोले गए बातों से कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा था मुझे मेरे एक्सपेक्टेशन पर खरा नहीं उतरने का मलाल था। हम धोनी को हमेशा मिस करते हैं उसे फर्क नहीं पड़ता कि रांची में है या रांची के बाहर खेल रहे हैं।

**ओली पोप ने कहा :** इंग्लैंड की टीम की ओर से बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछली दो हार के बाद इस मैच में टीम पूरी तैयारी के साथ उतरेगी। ये मैच खिलाड़ी अच्छे मानसिकता के साथ खेलेंगे। टीम ने पिच का जायजा लिया। पिच में काफी दरार है। रांची की पिच देखते हुए लगता है कि भारतीय टीम के स्पिनर को खास मदद मिलेगी क्योंकि पिच में काफी दरार है। वह आगे कहते हैं कि इस सीरीज में भारतीय टीम ने ज्यादा बाएं हाथ के गेंदबाजों को खिलाने पर ध्यान दिया।

# सांसद गीता कोड़ा ने सीजेएम कोर्ट में लगाई हाजिरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपित पश्चिम सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने सीजेएम सह आर्थिक अपराध के विशेष न्यायाधीश केके मिश्रा की अदालत में बुधवार को हाजिरी लगाई। कोर्ट ने अगली सुनवाई में अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। बीते दिनों गीता कोड़ा ने इस मामले में सरेंडर किया था, जिसके बाद सीजेएम कोर्ट ने 10 हजार के दो निजी मुचलके पर उन्हें जमानत प्रदान की थी दी। इससे पहले इस मामले में 19 जनवरी को कॉमर्शियल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमसी झा की कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान की थी। गीता कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पक्ष रखा। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009 -10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसका सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है। इसी मामले में गीता कोड़ा ने 20 दिसंबर को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की ओर से केस दर्ज होने के बाद गीता कोड़ा ने झारखंड हाई कोर्ट गई थी, जहां लगभग पांच साल तक स्टे रहने के कारण सुनवाई प्रभावित रही। स्टे खत्म होने के बाद गिरफ्तारी को देखते हुए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

# हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के विरोध में झामुमो ने सातवें दिन भी रखा उपवास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष सातवें दिन बुधवार को हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया की अध्यक्षता में उपवास रखा। हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने कहा कि भाजपा अपनी जमीन खिसकती देख साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है। इसके विरोध में गांव-गांव में लोगों में बहुत आक्रोश है। उपवास कार्यक्रम में भारी संख्या में हजारीबाग जिले से लोग आए हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि बापू वाटिका के समक्ष हम बापू के अहिंसा के मार्ग को अपनाते हुए यहां शांतिपूर्वक तरीके से उपवास पर बैठे हैं। गांव-गांव में भी पंचायत स्तर पर हमारे कार्यकर्ता न्याय यात्रा एवं पम्फलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक कर बताने का भी प्रयास कर रहे हैं कि एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री को केंद्र की भाजपा सरकार ने जेल में डालकर विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास किया है। उपवास कार्यक्रम में हजारीबाग जिला समिति के साथ रांची जिला समिति भी शामिल हुई। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, सभी वर्ग संगठनों और प्रखंडों एवं पंचायत के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंत्रियों को दिया प्रभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को झारखंड सरकार के मंत्रियों के विभागों की सूची निकाली गई है। जिसमें यह है कि 23 फरवरी से होने वाले बजट सत्र को देखते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विभागों के प्रभारी मंत्रियों की जिम्मेदारी पांच मंत्रियों को दी है। मुख्यमंत्री के पास रहे विभागों के प्रभारी मंत्री के रूप में जिन मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। कांग्रेस से मंत्री आलमगीर आलम को गृह , कारा , मंत्रिमंडल, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के साथ निगरानी और विधि विभाग का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। ये सदन में इन विभागों के लिए आये सवालों का जवाब देंगे। रामेश्वर उरांव को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के साथ साथ सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गर्वेन्स विभाग का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। बादल पत्रलेख को खान एवं भूतत्व विभाग, मिथिलेश ठाकुर को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का प्रभारी मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। सत्यानंद भोक्ता को नगर विकास एवं आवास विभाग और बन्ना को ऊर्जा विभाग का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

# लोकसभा चुनाव के शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की बैठक 23 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में आगामी 23 फरवरी को मुख्यालय स्तर पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ एक बैठक आहूत की गई है।

बैठक में राज्य अंतर्गत सभी कोटि के शहरी निकायों के प्रशासकों को बुलाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर आहूत इस बैठक में शहरी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर न केवल सभी शहरी निकायों के पदाधिकारियों से सुझाव लेकर रणनीति बनाई जाएगी, बल्कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग के संबंधित दिशा निर्देशों से भी सभी को अवगत कराया जाएगा।

उक्त बैठक में निकायों के प्रशासकों के साथ-साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण तथा नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रायः हर बार के आम चुनावों में शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा कम रहता है। मतदान प्रतिशत के इस अंतराल को न्यूनतम करने की प्रभावी कवायद शुरू करने को लेकर ही उक्त बैठक बुलाई गई है।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय , रांची ने पौष्टिक भोजन के महत्व पर सीएसआर पहल के रूप में आदिम जाति सेवा मंडल, रांची के वंचित आदिवासी और विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों का वितरण किया । यह पहल स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन के मार्गदर्शन में की गई ।

इस अवसर पर जैन ने कहा कि अच्छा पोषण बच्चे के जीवित रहने, विकास और विकास का आधार है। कुपोषण के कारण बच्चों में विटामिन और अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। अच्छी तरह से पोषित बच्चे अपने समुदायों में सीखने, खेलने और भाग लेने में बेहतर होते हैं। उन्होंने अनाथालय केंद्र के समन्वयक से बातचीत की और जरूरतमंद बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।कार्यक्रम में उपाध्यक्षों, शिखा रस्तोगी, पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव श्रीमती टी. परमेश्वरी भी उपस्थित थीं।

# लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार का पायलट प्रोजेक्ट फेल हो गया हैः सुप्रियो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची। पार्टी कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि चुनाव कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के फैसले से आने वाले लोकसभा चुनाव में वर्तमान केंद्र सरकार का पायलट प्रोजेक्ट फेल हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से लोकतंत्र का बचाव हुआ है। ईवीएम और वीवी पैट को लेकर संशय की स्थिति बनी होती है। जब चुनाव आयोग की टीम झारखंड आएगी तो इस पर बात रखी जाएगी।सुप्रियो भट्टाचार्य ने झामुमो की कल होने वाली कार्य समिति की बैठक को लेकर कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। नेता के लिए आंदोलन भी चलेगा और चुनाव भी जीतेंगे। साथ ही कहा कि हमारे नेता को अपने बीच लाना है। इसपर चर्चा सहित सांगठनिक मुद्दों के साथ लोकसभा चुनाव पर बात होगी। दिल्ली में जो गठबंधन दल के साथ वार्ता हुई उसे बताने का काम करेंगे।

### 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का ट्रायल एक मार्च को

**रांची ।** हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित 14 वी हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 के लिए हॉकी झारखंड के महिला हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 01 मार्च 2024 को प्रातः 10:00 बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोराबादी रांची में होगा। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र तथा हॉकी इंडिया का आईडी कार्ड साथ में लाना आवस्यक है।

# बैंक ऑफ इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर किया संगोष्ठी का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल द्वारा बुधवार 21 फरवरी 2024 को बिरसा मुंडा सभागार में अंतरराष्टीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2024 का थीम बहुभाषी शिक्षा - अंतर-पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर निर्मल दुबे, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर संबोधित किया। ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम मौलिक रूप से अपनी मातृभाषा में ही सोचते हैं और विचार करते हैं इसलिए अपने घर, समाज और कार्यालय में बेहिचक अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए। नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस भाषा में हम अपनी मां से बात करते हैं या जो हम पहली भाषा सीखते हैं वही हमारी मातृभाषा कहलाती है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट के अनुसार हर दो सप्ताह में एक भाषा विलुप्त हो जाती है जिसके कारण विश्व एक पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत खोते जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव, प्रबंधक (राजभाषा) और धन्यवाद ज्ञापन श्री दिनेश कुमार यादव, मुख्य प्रबंधक, सतर्कता विभाग द्वारा किया गया। मौके पर डॉ. नीरज कुमार चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, जेम्मा टोप्पो, संतोष मेहता, रंजीता गोप, प्रियंका वर्धन, सुषमा कुमारी, कौशल किशोर, नजमुल होदा, अनिल कुमार, पल्लवी कुमारी, खुशबू तिवारी, स्नेहा कच्छप, प्रदीप चटर्जी, नितेश कुमार, शिल्पी भाटिया, प्रियंका कुमारी, मिक्की जॉन सोय समेत आंचलिक कार्यालय और शाखाओं से स्टाफ उपस्थित थे।

# बाइक से हुडदंग कर रहा नाबालिग धराया, बाइक जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** रांची के ओटीसी ग्राउंड में बाइक से हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक मॉडिफाई बाइक को जब्त किया है। साथ ही एक नाबालिग को पकड़ा है। इस बाइक को पूरी तरह से मॉडिफाई किया गया है, उक्त गाड़ी किस कंपनी के हैं यह भी पता नहीं चल पा रहा है, जिसमें काफी तेज आवाज वाला साइलेंसर भी लगा हुआ है। आसपास के लोगों से पुलिस को काफी शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने मंगलवार रात यह कार्रवाई की। बाइक को जब्त कर पुलिस पंडरा ओपी ले गई। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात की और पुनः मंत्री बनाये जाने पर बधाई दी। इस दौरान पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को पुलिस कर्मियों के मेडिकल इंश्योरेंस की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मेडिकल इंश्योरेंस पर बड़ा आश्वासन दिया है। बन्ना गुप्ता ने कहा है कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सदस्यों के मेडिकल इंश्योरेंस के मामले में सरकार गंभीर है और जल्द ही उन्हें इसका लाभ मिलेगा।

**पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकातः** वहीं योग्य पदाधिकारियों की तैनाती के लिए पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह और महामंत्री मो. महताब आलम ने बताया कि लगभग 2 माह से स.अ.नि से पु.अ.नि. में योग्य पदाधिकारियों की पदस्थापना नहीं हो सकी है। इसे लेकर पदाधिकारियों में भारी चिंता है। इस विषय पर पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) रांची से भी मुलाकात की गई है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) रांची से मिलकर प्रोन्नति के लिए योग्य पाए जाने वाले पदाधिकारियों की पदस्थापना का आग्रह भी किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अनेक पदाधिकारी अब सेवानिवृत्त होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। इस पर पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि आगामी 2 से 3 दिनों में स.अ.नि. से पु.अ.नि. के लिए योग्य पाए जाने वाले पदाधिकारियों को पदस्थापित कर दिया जाएगा।

## झारखंड विधान सभा सचिवाल

### आवश्यक सूचना

**सर्वसाधरण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का पंचदश (बजट) सत्र दिनांक-23/02/2024 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, रांची।

ज्ञाप संख्याः- जनसम्पर्क-03/2024-484/ वि0स, रांची, दिनांक 20/02/24

## खलारी के दो केन्द्र में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा कदाचार मुक्त शांति पूर्वक शुरू

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के दो केन्द्र में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा कदाचार मुक्त शांति पूर्वक शुरू हो गया. खलारी के दोनो केन्द्रों में परीक्षार्थी की शत-प्रतिशत उपस्थति रही. बुधवार को डीएवी स्कूल खलारी के केन्द्र में उर्सुलाईन कान्वेंट स्कूल खलारी,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा,सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा व झारखण्ड पब्लिक स्कूल मोहननगर के 377 परीक्षार्थी व सरस्वती शिशु विद्यामंदिर डकरा के परीक्षा केन्द्र में डीएवी स्कूल खलारी,डीएवी स्कूल बचरा व जेनेट एकेडमी हेसालौंग के 198 परीक्षार्थी हिन्दी विषय की परीक्षा में शामिल हुए. परीक्षा देने के बाद सेंटर से बाहर निकले विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान था परीक्षा बहुत बढ़िया गया.

## बिना अनुमति के काट डाला हरा भरा वृक्ष हो रही है निर्माण की तैयारी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड कार्यालय से महज कुछ मीटर की दूरी पर रेलवे स्टेशन रोड के यामाहा शोरूम के बगल में एक हरे भरे वृक्ष को वनविभाग के अनुमति के बिना काट दिया गया.मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्थान पर निर्माण की तैयारी की जा रही है जिसको लेकर हरे भरे वृक्ष को काट दिया गया है.लोगों का कहना है कि एक तरफ बढ़ते प्रदूषण के प्रभाव से छुटकारा पाने के लिए सरकारें वृक्ष लगाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं वहीं खलारी में अपने निजी स्वार्थ के लिए बिना अनुमति के एक हरे भरे वृक्ष को काट देना कानूनी दृष्टि से ही नहीं पर्यावरण के लिए भी गलत है. जबकि क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की जरूरत है और ऐसी परिस्थिति में बिना वन-विभाग के अनुमति लिये हरे वृक्ष को काटना ठीक नहीं है.इधर वनपाल मुकेश मुंडा से मामले को लेकर फोन पर बात करने पर उनके द्वारा गोलमटोल बात करते हुए उन्होंने ट्रेनिंग में होने की बात कही . उन्होंने अपनी जगह पदभार में किसी और के होने की बात कही .पदभार में स्फाक नामक व्यक्ति के बारे में बताने पर स्फाक का नम्बर मांगने पर फोन नम्बर नहीं होने की बात कही गई.

## आवास कॉर्डिनेटर को हटाने को लेकर मुखिया संघ ने बीडीओ को दिया आवेदन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया गण मगंलवार को बीडीओ को एक आवेदन देकर आवास समन्वयक विकाश कुमार गुप्ता को हटाने की मांग की है। आवेदन के अनुसार सरकार के महत्वकांक्षी योजना अबुवा आवास में विकाश कुमार गुप्ता द्वारा ग्राम सभा की अनदेखी करते हुए अपने दलालों के द्वारा प्रखंड में आनियमता बरततें हुए सूची उपलब्ध करायी गई और रूपये की उगाही की जा रही है। तत्कालीन बीडीओ सुलेमान मुंदरी को भी यह आरोप पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने भी किया था लेकिन नहीं सुना गया। प्रखंड के सभी पंचायत में इस कदर जमे हुए है की बगैर खौफ धड़ल्ले से पंचायत का सूची निकाल कर व्यक्तिगत पैसा का डिमांड कर योजना का स्वीकृति कर देता है। लगातार कई आरोप लगने के बाद भी इनके ऊपर कार्यवाई नहीं हुई यह दुखद है। ऐसे कर्मचारी कुर्सी में जबतक जमे रहेंगे जनता का कभी भला नहीं होगा।

## बचरा दक्षिणी पंचायत में आज होगा शिविर का आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में आज विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस शिविर में पंचायत के 50 वर्ष से 60 वर्ष तक के वृद्ध महिला एवं पुरुष लोगों का मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन,विधवा पैंशन,दिव्यांग पेंशन को लेकर आवेदन जमा लिया जाएगा।इसकी जानकारी देते हुए मुखिया रीना देवी ने बताया कि लाभुक अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड,बैंक पासबुक,वोटर कार्ड,जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति,पासपोर्ट साईज फोटो को जमा करना अनिवार्य है।उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## सरकारी फंड से बनी सड़क को क्षतिग्रस्त कर अतिक्रमण किया गया

**ईटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तरगड़ी रोड स्थित रहमतनगर में 12 वर्ष पूर्व बनी ग्रामीण पीसीसी सड़क को जेसीबी से खोदकर क्षतिग्रस्त कर देने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है. इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है इस संबंध में ग्रामीणों ने 8 फरवरी को इटकी अंचल और इटकी थाना में हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर बलपूर्वक जमीन को कब्जा करने के नियत से जमीन माफियाओं पर आरोप लगाया गया था. लिखित आवेदन देने के बाद भी अंचल और थाना के द्वारा सरकारी सड़क को क्षतिग्रस्त करने वालों पर संज्ञान नहीं लिया गया. जिसका परिणाम स्वरूप सरकारी फंड से बना पीसीसी ग्रामीण सड़क को क्षतिग्रस्त अतिक्रमण कर दिया गया



## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सम्मान में समारोह का हुआ आयोजन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी के सम्मान में बुधवार को राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय में समरोह का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षक व शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की बेड़ो में उनकी सेवा समाप्त हो रही हैं। सेवाकाल का यह अंतिम दिन सदा स्मरण में रहेगा। मैं अभी रिटायर नहीं हो रहा हूं। मैं आगे के जीवन में अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करता रहूंगा और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ा रहूंगा। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें और अच्छे मार्ग पर चलकर शिक्षा जगत को उज्वल करते रहें। वहीं प्रशिक्षु शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूनम टोप्पो व धन्यवाद ज्ञापन रेखा रानी खलखो ने किया। समारोह में प्रधानाध्यापक विजेंद्र चौबे, कल्याण पदाधिकारी बासुदेव बड़ाइक, पशुपालन चिकित्सा प्रभारी डा नवीन आर्या, बीपीओ देव कुमार राम, विकाश कुमार गुप्ता,सुशांत मिश्रा लाल सच्चिदानंद शाहदेव मनोज कुमार,सत्यप्रकाश मनोज झा बद्रीनारायण सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## सीसीएल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के बाद पांचवे दिन समाप्त हुआ असंगठित मजदूरों का हड़ताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूर,सीसीएल प्रबंधन और हेम्स कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई।बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति और संचालन प्रभारी कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन ने किया।वार्ता में बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों के द्वारा न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर किये जा रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर विचार विमर्श किया गया।युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन के बैनर तले सभी असंगठित मजदूर वार्ता में शामिल हुए।इस दौरान काफी विचार विमर्श के बाद बचरा साईडिंग के असंगठित मजदूरों में ऑपरेटर,मुंशी, लेबलिंग एंव हेल्पर मजदुरो को फरवरी 2024 तक 1500 रूपये बढ़ोतरी की गई।वही मार्च मे रैक बढ़ने के साथ 500 रूपये अतिरिक्त कुल मिलाकर दो हजार रूपये की वेतन बढ़ोतरी करने का आश्वासन दिया गया।वार्ता में मजदूरों को आश्वासन मिलने के बाद मजदूरों द्वारा पिछले पांच दिनो से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को मजदुरो ने समाप्त कर दिया है।वही पांच दिनों के बाद बचरा साइडिंग में रैक लोडिंग एवं डिस्पैच का कार्य शुरू हो गया है।वार्ता मे एजीएम निरंजन सेनापति,प्रभारी एसओपी नागेश गोपालन, सीएचपी सीपीपी पीओ धनजंय कुमार,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबंधक रवि बाढ़ा,निशांत रोहिला के अलावा यूनियन की ओर से मुंद्रिका प्रसाद,विमल महतो, कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, चमन महतो,बिजली महतो, दिलीप चौधरी,मुंशी महतो, जयशंकर प्रसाद,तुलसी महतो सहित हेम्स कंपनी की ओर से डेगन प्रजापति,अर्जुन महतो,राजेश कुमार सहित कई अधिकारी और मजदूर उपस्थित थे।

## प्रशांत मिश्रा को बनाया गया पिपरवार का नया थाना प्रभारी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना के नये थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा को बनाया गया है।इसको लेकर बुधवार की शाम चतरा जिला मुख्यालय से आदेश जारी कर दिया गया है।श्री मिश्रा इससे पूर्व हजारीबाग जिला पदस्थापित थे। हजारीबाग से चतरा जिला में उनका तबादला किया गया था,जिसके बाद चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने उन्हें पिपरवार थाना का नया थाना प्रभारी बनाया है।संभवतः नये थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा आज पिपरवार थाना में अपना योगदान दे सकते हैं।इधर पिछले ढाई वर्ष से अधिक समय तक पिपरवार थाना मे अपना योगदान दे चुके पिपरवार के निवर्तमान थाना प्रभारी गोविन्द कुमार का चतरा जिला से झारखंड की राजधानी रांची जिला में तबादला किया गया है।बुधवार को चतरा जिला से विरमित होने के साथ ही गोविंद कुमार ने रांची जिला में अपना योगदान दे दिया है।

## आदिवासी मुलवासी संघर्ष समिति का चला संपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के अंतर्गत पंचायत के बरटोली एवं सिजोसिरेग में आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के द्वारा बैठक किया गया जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय में निम्नलिखित ज्वलंत मुद्दों 1जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र बनाने में बिलंब। 2 पंजी में आनलाइन प्लांट नंबर चढ़ाने में त्रुटि या बिलंब। 3 राशनकार्ड में आनलाइन नाम जोड़ने में दिक्कत। 4 अबुआ आवास में ग्राम प्रधान के साथ ग्राम सभा को मान्यता नहीं देना। 5 राजस्व कर्मचारी को पंचायत भवन में अभिलम्ब बैठना। 6 मनरेगा कार्य में सही समय में भुगतान नहीं होना। 7 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में विलम्ब।इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर 27-2-2024 को प्रखंड कार्यालय घेराव के किया जायेगा।आप सभी को अपना बहुमूल्य समय देकर सफल बनाना है। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, 52 पडाह अध्यक्ष प्रदीप तिकी, मुखिया नन्हे कच्छप, ग्राम प्रधान लक्ष्मण लकड़ा, बिमला तिकी, चामू बेग,धीरज लकड़ा, रामकिशून लकड़ा,मंगल हेमरोम,शामेल लकड़ा, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिंडालको रिटायरमेंट एम्पलाइज के साथ 75वीं वर्षगांठ पर सम्मान समारोह का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** हिंडालको एलुमिना क्लब प्रांगण में 75वे वर्षगांठ के अवसर पर सभी रिटायरमेंट एंप्लॉई के साथ समागम किया गया। सभी रिटायरमेंट एम्पलाइज इस समारोह में उपस्थित हुए। सभी को भव्य पूर्वक सम्मानित किया गया। सभी रिटायरमेंट एम्पलाईज को बुके,अंग वस्त्र एवं बैग देकर सम्मान में संस्कृत कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस समागम का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वीप प्रज्वलित कर विधायक सुदेश महतो , वरिष्ठ अधिकारी रवि नारायण मिश्रा, अरुण कुमार राय, संजय श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। मंच पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इंडाल से हिंडाल्को के सफर में जिन लोगों की योगदान रहा है उनके लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है। हिंडाल्को के कारण ही आज मुरी की बहुत बड़ी पहचान बनी हुई है यह सफर 75 साल का है और आगे भी बढ़ता रहेगा।मंच से यूनिट हेड रवि नारायण मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।यह एक गौरवपूर्ण ऐतिहासिक क्षण है। और आगे भी इसी तरह का हमारे बीच एक परिवार की तरह रिश्ता बना रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो रहे।इस मौके पर हिंडालको मानव संसाधन के हेड अरुण राय, संजय श्रीवास्तव ,अभिषेक कुमार, अभिजीत सेन,वरिष्ठ अधिकारी समेत सभी हिंडाल्को कर्मचारी का कार्यक्रम को सफल बनाने सक्रिय भूमिका रही है।

## कर्रा के पहाड़ टोली में झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय पथ यात्रा



**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अन्तर्गत झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कर्रा प्रखंड के अध्यक्ष शेख़ फ़िरोज़ की अध्यक्षता में बमरजा पंचायत के ग्राम पहाड़टोली में न्याय पथ यात्रा निकाला गया. झारखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यो और उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी गयी. भाजपा के द्वारा केंद्रीय सरकार की एजेंसियों को इस्तेमाल कर निर्दोष हेमंत सोरेन को साज़िश के तहत फसाया गया है. उनके बारे में बताए गया और उनके रिहाई को लेकर दुआ एवंम् प्रार्थना किया गया. इस झारखण्ड न्याय यात्रा में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य मक़सूद अंसारी, केन्द्रीय सदस्य सुशील पहान, युवा मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष विजय संगा, उपेन्द्र पाहन, मीडिया प्रभारी तौकीर आलम के अलावे कर्रा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्त्ताओं के साथ सैकड़ो समर्थक मौजूद रहे।

## संत जेवियर कॉलेज रांची के छात्र-छात्राओं का दल औधोगिक भ्रमण के लिए पहुंचा पिपरवार



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के संत जेवियर कॉलेज के एक्सआईएसएस विभाग के छात्र-छात्राओं का दल बुधवार को औद्योगिक भ्रमण पर सीसीएल के पिपरवार एरिया पहुंचा।इस दौरान छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के शिक्षक भी शामिल थे।पिपरवार पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने अशोक परियोजना खुली खदान का भ्रमण किया।इस दौरान खदान मे कोयला उत्पादन एवं कोयला डिस्पैच के तकनीकी के बारे में जानकारी ली।वही सीएचपी सीपीपी कोल वाशरी का भी भ्रमण कर कोल वाश सहित अन्य तकनीकी के बारे मे विस्तार से जानकारी प्राप्त किया।वही पिपरवार कोयला खदान के बीच में बनाये गये कायाकल्प वाटिका इक्को पार्क मे छात्र-छात्राओं ने भ्रमण किया और कायाकल्प वाटिका की सुंदरता को निखारा।इस मौके पर मौजूद स्थानीय पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारियों ने भी कोयला खदान सहित अन्य बातों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दिया।इस मौके पर सीसीएल अधिकारी पंकज कुमार चौधरी,कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा,अशोक परियोजना के सेफ्टी आफिसर सुनील कुमार यादव सहित कई अधिकारी और छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे।

## सिविल सर्जन व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सिविल सर्जन, खूंटी डॉ नागेश्वर मांझी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूंटी द्वारा जिला मुख्यालय के बिरहू अवस्थित जवाहर नवोदय विद्यालय तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्र-छात्राओं के भोजन हेतु पकाये गये दाल, भात, सब्जी सहित अन्य खाद्य सामग्री की जांच की गई। जांच के पश्चात् उक्त खाद्य समग्रियों की गुणवता संतोषजनक पाई गई। उक्त स्कूलों के किचन की साफ-सफाई संतोषजनक थी। मौके पर सिविल सर्जन द्वारा निर्देशित किया गया गया कि रसोईया को खाना बनाते व भोजन परोसते समय ऐप्रन, ग्लब एवं हेड कवर का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि किचन के बेसिन का साफ-सफाई का ध्यान रखना जरुरी होता है। उन्होंने खाद्यान्न के स्टोर रूम में खाद्य सामग्री का रख-रखाव सही तरीके से करने का निर्देश दिया। निर्देशित किया गया कि प्रथम एक्सपायरी, प्रथम आउट के तहत खाद्य सामग्रियों का उपयोग करना है। एक ही तेल का प्रयोग दो बार से ज्यादा नहीं करना है। फुड सेफ्टी ऑफिसर मनोज कुमार द्वारा स्कूलों के प्रधानाध्यापक को बताया गया कि किसी प्रकार की खाद्य पदार्थ को खरीदने से पहले उसमें अंकित फुड लाइसेंस नंबर, मैन्युफैक्करिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट को देखने के बाद ही उसका उपयोग करना चाहिए। उन्होंन रसोईकर्मियों का निर्देश दिया कि भोजन बनाते समय व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखें। खराब हो गये खाद्य सामग्री का प्रयोग हरगिज नहीं करें। साथ ही किचन में हाइजीन एवं सैनिटेशन का ध्यान रखना आवश्यक होता है। बच्चों को संतुलित भोजन दिया जाना चाहिए।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**जिला परियोजना कार्यालय**
**प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला**
पिन–835207 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आम सूचना**

**शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के संबंध में :–**

गुमला जिला के अंतर्गत सभी प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में बालिकाओं के नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिसका विवरणी निम्नवत् है:–

- विद्यालय से आवेदन प्राप्त कर उसे भरकर जमा करने की अंतिम तिथि– दिनांक 15 मार्च 2024 तक
- प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी एवं बच्चों का Counseling – दिनांक 16–20 मार्च 2024 तक
- स्क्रूटनी उपरान्त सूची का प्रकाशन की तिथि– दिनांक 22 मार्च 2024
- स्क्रूटनी उपरान्त प्रकाशित सूची के आलोक में आवेदकों से दावा/आपत्ति प्राप्त करने की तिथि– 23–29 मार्च 2024 तक
- दावा आपत्ति के निराकरण के उपरांत पुनः सूची का प्रकाशन – दिनांक 31 मार्च 2024 तक
- प्रखंड स्तरीय नामांकन समिति की बैठक – 02 अप्रैल 2024 तक
- जिला स्तरीय अनुमोदन हेतु जिला कार्यालय में सूची भेजने की अंतिम तिथि – 05 अप्रैल 2024 तक

सभी इच्छुक माता–पिता/अभिभावक से अनुरोध है कि अपने प्रखंड स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय अथवा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु फार्म विद्यालय के वार्डेन से प्राप्त करते हुए निर्धारित तिथि तक संबंधित विद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस विद्यालय में वैसी बालिकाओं का नामांकन लिया जायेगा जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिका होंगी, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसके साथ ही इन विद्यालयों में सुदूरवर्ती/नक्सल प्रभावित क्षेत्र/मानव तस्करी से प्रभावित/आदिम जनजाति समूह की बालिकाओं/विद्यालय से बाहर रहने वाली छीजित बालिकाओं/एकल अभिभावक/मातृविहीन/पितृविहीन/अनाथ जरूरतमंद बालिकाओं का नामांकन किया जाना है।

**नामांकन हेतु रिक्त सीटों का विद्यालयवार, कक्षावार एवं कोटिवार विवरण निम्नवत् है :–**

| NAME OF SCHOOL | CLASS | CATEGORY WISE VACANT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST | SC | OBC | MIN | BPL | GEN | TOTAL |
| KGBV GHAGHRA | VI | 44 | 1 | 9 | 1 | 19 | 1 | 75 |
| | VII | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| | VIII | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| | IX | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| | TOTAL | 57 | 1 | 9 | 1 | 19 | 1 | 88 |
| KGBV GUMLA | VI | 24 | 2 | 8 | 4 | 12 | 0 | 50 |
| | VII | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| | VIII | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 6 |
| | IX | 2 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 5 |
| | TOTAL | 32 | 3 | 10 | 5 | 16 | 0 | 66 |
| KGBV SISAI | VI | 36 | 1 | 13 | 6 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 5 |
| | VIII | 1 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 5 |
| | IX | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 |
| | TOTAL | 44 | 1 | 14 | 13 | 19 | 0 | 91 |
| KGBV BHARNO | VI | 41 | 1 | 10 | 4 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 4 |
| | VIII | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| | IX | 12 | 0 | 3 | 1 | 5 | 0 | 21 |
| | TOTAL | 56 | 1 | 13 | 8 | 24 | 0 | 102 |
| KGBV BISHUNPUR | VI | 50 | 1 | 5 | 0 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | IX | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | TOTAL | 55 | 1 | 6 | 0 | 19 | 0 | 81 |
| KGBV RAIDIH | VI | 36 | 2 | 16 | 2 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 4 |
| | VIII | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| | IX | 5 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 9 |
| | TOTAL | 44 | 2 | 18 | 4 | 24 | 0 | 92 |
| KGBV DUMRI | VI | 46 | 1 | 8 | 1 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 0 | 0 | 0 | 1 | 8 | 0 | 9 |
| | VIII | 0 | 0 | 5 | 1 | 11 | 0 | 17 |
| | IX | 3 | 0 | 2 | 1 | 17 | 0 | 23 |
| | TOTAL | 49 | 1 | 15 | 4 | 55 | 0 | 124 |
| KGBV PALKOT | VI | 42 | 7 | 7 | 0 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | IX | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| | TOTAL | 46 | 8 | 7 | 0 | 19 | 0 | 80 |
| KGBV BASIA | VI | 36 | 3 | 16 | 1 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| | VIII | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | IX | 4 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| | TOTAL | 44 | 7 | 17 | 1 | 19 | 0 | 88 |
| KGBV KAMDARA | VI | 40 | 2 | 14 | 0 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 5 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 9 |
| | VIII | 2 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| | IX | 10 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 12 |
| | TOTAL | 57 | 3 | 18 | 0 | 23 | 0 | 101 |
| JBAV CHAINPUR | VI | 31 | 1 | 5 | 1 | 12 | 0 | 50 |
| | VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | VIII | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | IX | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | TOTAL | 33 | 1 | 5 | 1 | 12 | 0 | 52 |
| JBAV JARI | VI | 29 | 2 | 5 | 2 | 12 | 0 | 50 |
| | VII | 6 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 10 |
| | VIII | 3 | 0 | 2 | 1 | 2 | 0 | 8 |
| | IX | 3 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| | TOTAL | 41 | 4 | 9 | 5 | 16 | 0 | 75 |
| DISTRICT TOTAL | VI | 455 | 24 | 116 | 22 | 207 | 1 | 825 |
| | VII | 30 | 1 | 3 | 9 | 14 | 0 | 57 |
| | VIII | 17 | 4 | 11 | 7 | 16 | 0 | 55 |
| | IX | 56 | 4 | 11 | 4 | 28 | 0 | 103 |
| | TOTAL | 558 | 33 | 141 | 42 | 265 | 1 | 1040 |

PR.NO.319775 Jharkhand Education Project Council(23-24):D

उपायुक्त, गुमला।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

### बिजली की समस्याओं को लेकर जीएम से मिले अंसार खान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान झारखंड बिजली वितरण निगम विद्युत आपूर्ति के जीएम श्रवण कुमार के ऑफिस बिस्टुपुर पहुंचे। अंसार खान ने जीएम को बताया कि सतकर ढाबा खंडामौदा, बहरागोड़ा हाईवे पर है। वहां पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो 3 दिन पूर्व जल चुका है और अभी तक वहां पर नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। जिससे वहां पर पानी के लिए भी बहुत परेशानी हो रही है। बिजली विभाग के जीएम ने तुरंत बहरागोड़ा के जूनियर इंजीनियर को फोन करके निर्देश दिया कि कल तक ट्रांसफार्मर लग जाना चाहिए। श्रवण कुमार ने अंसार खान को आश्वासन दिया कि कल तक नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। अंसार खान के साथ ढाबे के मालिक देवेंद्र सिंह और मनप्रीत सिंह भी थे।

### बोड़ाम थाना प्रभारी के रूप में उपेंद्र नारायण सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना प्रभारी के रूप में उपेंद्र नारायण सिंह बुधवार को योगदान दिया है। नए थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल, अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना, लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करना एवं आम जनता की समस्याओं को सही ढंग से निराकरण करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने थाना क्षेत्र में शांति बनाये रखने के लिए क्षेत्र के लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने अपील की है। नए थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह इसके पहले जमशेदपुर के सुंदरनगर, आजादनगर, बिरसानगर थाना का प्रभारी रह चुके हैं। वे पलामू जिला से तबादला होकर पूर्वी सिंहभूम जिला में आये हैं।

### ब्लू डायमंड का चौथा आउटलेट बालीगुमा-घाटशिला रोड में खुला



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिमना चौक से 1 किमी की दूरी पर बालीगुमा-घाटशिला रोड, स्थित ब्लू डायमंड रेस्टोरेंट का चौथा आउटलेट का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के वरिय नेता सह समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि इस भव्य रेस्टोरेंट में उपलब्ध सुविधा को देखते हुए यह कह सकते हैं कि यह शुरूआती दिन से ही जमशेदपुर एवं इसके आस-पास के लोगों का पसंदीदा रेस्टोरेंट बन जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए ब्लू डायमंड के सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि लगभग 3000 वर्गफीट में बना यह स्टेट ऑफ आर्ट रेस्टोरेंट अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है जहां एक साथ 300 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाले मल्टी कुसन रेस्टोरेंट में ग्राहक इंडियन, चाईनीज, तंदुर एवं कॉन्टीनेन्टल व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। उद्घाटन के अवसर पर सरदार मंजीत सिंह, सरदारनी रंजीत कौर, मुख्य अतिथि श्री चंद्रगुप्त सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार अवतार सिंह, सरदार जनरैल सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, सरदार शैलेन्द्र सिंह, बिकास कुमार साहु, भक्त वत्सल साहु के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे जिन्होंने ब्लू डायमंड के इस नये रेस्टोरेंट के बेहतर भविष्य की कामना की।

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे पत्रकार



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार की देर शाम चांडिल पूर्वी भाग एक जिला परिषद सदस्य पिंकी लायक के पति सह पूर्व जिप सदस्य ओम प्रकाश लायक के हाईवा चालक द्वारा चांडिल थाना क्षेत्र के भुइंयाडीह के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 33 से भुइंयाडीह के तरफ ग्रामीण सड़क की ओर तीव्र गति से घुमाने के कारण स्थानीय पत्रकार बेनुधर महतो स्वयं को हाईवा की चपेट से बचने के लिए अपने हीरो स्पलेंडर बाइक सड़क बाहर कच्ची रास्ता पर मोड़ दिया। जिससे वे बाल बाल बचे लेकिन कच्ची सड़क पर गिर जाने से दांए पैर के घुटना एवं हाथ में हल्की चोटें लगी।

### जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के सभागार में बैंक ऑफ बड़ौदा एवं विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इसके उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अंजिला गुप्ता ने की। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव राजेंद्र कुमार जयसवाल, एफ़ओ जावेद अहमद, मानविकी संकाय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार साहू, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नूपुर अन्विता मिंज उपस्थित रहे । कार्यक्रम में विविध भाषाओं मैथिली, उर्दू, मुंडारी, बांग्ला, उड़िया, कुड़ुख, संथाली, भोजपुरी सह हो भाषा की विविध विधाओं की प्रस्तुति विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा दी गई। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य नई पीढ़ी में अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित रहने तथा इसे धरोहर के रूप में आगे प्रचारित प्रसारित करना था। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की ओर से उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा उपस्थित रहे ।

### गोलपहाड़ी बस्ती से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक प्रदार्थ किया बरामद



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित गोलपहाड़ी बस्ती निवासी राजेंद्र के आवास पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामान बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से आतिशबाजी के लिए बने पटाखे समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने मामले में राजेंद्र और एक कारीगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सामानों को जब्त कर थाना ले गई जहां आरोपियों ने पूछताछ जारी है। पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर अन्य जगहों पर भी छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मौजूद है। सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी सत्री वर्धन ने परसुडीह और सुंदरनगर थाना पुलिस के साथ छापेमारी की और मौके से राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि राजेंद्र सिंह अवैध तरीके से घनी आबादी वाले क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री जमा कर पटाखे बनाता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# करंट की चपेट में आने से हुई मौत मामले में बिजली विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

## एई ने भी दर्ज कराई दो सौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गम्हरिया थाना अंतर्गत बलरामपुर में करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति राजकुमार राम की हुई मौत के मामले में दोनों पक्षों की ओर से गम्हरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतक की पत्नी आरती देवी ने मामले में विभाग के सहायक विद्युत अभियंता प्रियंकर पांडेय पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरती देवी के अनुसार, जगन्नाथपुर पंचायत के घनी आबादी क्षेत्र में लोगों की छत से होकर खुले तार से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। खुले तारों को हटाकर केबलिंग करने की मांग को लेकर वर्ष 2021 से अब तक कई बार विभाग को आवेदन दिया गया, लेकिन उनकी मांगों पर विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की गई। समय रहते यदि उस मांग पर विभाग पहल करती तो इस प्रकार की घटना नहीं होती। वहीं, मृतक राजकुमार राम की मौत के बाद उसके शव को लेकर मुआवजे की मांग पर बीते 17 फरवरी को छोटा गम्हरिया स्थित विद्युत सब स्टेशन पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों द्वारा काफी हंगामा किया गया था। इस दौरान 6.35 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही जिससे विभाग को करीब 5.20 लाख रुपए के राजस्व की हानि होने की बात बताई गई है। इसका असर आम लोगों पर भी बुरा पड़ा। हंगामा के दौरान भीड़ द्वारा विभागीय पदाधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया था तथा विद्युत कंट्रोल रूम में जबरन प्रवेश कर उपकरणों को क्षति पहुंचाने का आरोप है। इसको देखते हुए सहायक विद्युत अभियंता प्रियंकर पांडेय की ओर से गम्हरिया थाना में पवन कुमार, अमित कुमार, मौसमी कुमारी, वीणा देवी, संदीप कुमार राम, अमित कुमार सिंह, नीतू शर्मा, सुनील कुमार, संजीव ठाकुर, विष्णु वर्मा समेत करीब दो-तीन सौ अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### सत्संग से ज्ञान और भक्ति मिलती है : सुनील कुमार दे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पोटका :** बुधवार को हाता के उत्पल मंडल के घर में गृह प्रवेश के शुभ अवसर पर माताजी आश्रम हाता की ओर से सत्संग का आयोजन हुआ। ठाकुर, मा और स्वामीजी की पूजा और संध्या आरती के साथ शुरू हुआ अनुष्ठान। उसके बाद भक्ति गीत का आयोजन हुआ जिसमें रेवा बनर्जी, भास्कर चंद्र दे, पतित पावन दास, देसाई सोरेन, तड़ित मंडल व सहदेव मंडल आदि ने भाग लिया। सुनील कुमार दे ने श्रीश्री रामकृष्ण कथामृत पाठ किया। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण कथामृत इस युग का भागवत है जिसमे सभी धर्म की कथा समाहित है।

## अवैध लकड़ी से लदा ट्रैक्टर ने खंभा को किया क्षतिग्रस्त, बिजली गुल होने पर ग्रामीणों का हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटाचिड़का गांव में हरि मंदिर के सामने मंगलवार की शाम को अवैध लकड़ी से लदा एक ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर बिजली का खंभा को धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे गांव में बिजली गुल होने पर गुस्साए ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। फिर गांव पहुंची पुलिस द्वारा संतोषजनक कार्रवाई नहीं करने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर बुधवार को छोटाचिड़का गांव पहुंचे भाजपा नेता विमल बैठा ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी लेने के बाद बोड़ाम अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ के नाम एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जबकि वन विभाग द्वारा ट्रैक्टर समेत लकड़ी को जब्त कर लिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में कालीपद महतो, आदरी महतो, रूपचांद महतो, ठाकुरदास महतो, गुरूपद महतो व बुद्धेश्वर महतो आदि शामिल थे।

### करीम सिटी कॉलेज के उर्दू विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के उर्दू विभाग के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्नातक तथा स्नातकोत्तर में पढ़ने वाले उर्दू के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर परीक्षा नियंत्रक तथा बांग्ला विभाग के अध्यक्ष डॉ. बी एन त्रिपाठी शामिल हुए। मातृभाषा पर बोलते हुए विभागाध्यक्ष डॉ अफसर काजमी ने कहा कि मातृभाषा वह है जो हमारी मां की तरफ से हमें मिलती है अतः यह भाषा हमारी नजर में उतनी ही प्यारी है जितनी प्यारी हमारी मां हैं। हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए कि हमारी मातृभाषा उर्दू फूले फले, विकास करें और पूरी दुनिया में मकबूल हो। वैसे खुशी की बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय सतह पर हमारी मातृभाषा उर्दू सातवें स्थान पर आ गई है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि मातृभाषा की लड़ाई जो बांग्लादेश में लड़ी गई वह दुनिया की अनोखी लड़ाई थी और उस लड़ाई ने संपूर्ण संसार को मातृभाषा की अहमियत बता दी। इस कार्यक्रम में डॉ. तनवीर जमाल काजमी, डॉ. शाहबाज अंसारी, डॉ. ओमप्रकाश सिंह देव तथा मोहम्मद आसिफ विशेष रूप से शामिल हुए।

### भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनकर भाव विभोर हो गए श्रद्धालु

**जमशेदपुर :** भुईयांडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने श्रीकृष्ण बाल लीला, छप्पन भोग, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग का कथा में वर्णन किया। कथाव्यास की वाणी से बाल कृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उन्होने कहा कि जो दूसरो को आनंद दे वह नंद और जो यश का दान करे वह यशोदा है। हमारे चेहरे की मुस्कुराहट बनी रहे, यही हमें ब्रजवासियों से सीख लेनी चाहिए। कथावाचक ने कहा कि भक्ति और भक्त की परीक्षा प्रतिकूलताओं में ही होती है।

## कुकडु में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** नेहरू युवा केंद्र संगठन योग कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में कुकडु प्रखंड में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कुकडु प्रखंड के इचाडीह पंचायत के बाबूडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा सांसद लक्ष्मी महतो और अनीता महतो द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जेयूएलजी बाकारकुड़ी एवं द्वितीय पुरस्कार जीएस तिरुलडीह को दिया गया।

## टाटा स्टील ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलाया हाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी राम प्रवेश सिंह ने बुधवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर से वी वार्टे की साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आइजोल, मिजोरम के रहने वाले वार्टे मिशन लाइफ कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अपनी राइड टू क्लीन एयर साइकिलिंग पहल के माध्यम से वायु प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के मिशन पर हैं। वार्टे की यात्रा 25 जनवरी, 2024 को आइजोल से शुरू हुई, जो अगरतला, शिलांग, गुवाहाटी, रांची और अब जमशेदपुर जैसे शहरों को कवर करते हुए लगभग 2250 किमी की दूरी तय कर चुके है। वह आगे खड़गपुर, कोलकाता जाएंगे और फिर अपनी साइकिल पर दक्षिण भारत की ओर प्रस्थान करेंगे, इस दौरान वे कम दूरी की यात्राओं के लिए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देंगे और वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की हिमायत करेंगे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, टाटा स्टील और आईएसडब्ल्यूपी ने मिशन लाइफ के माध्यम से स्वच्छ और हरित सस्टेनेबल जीवन शैली को बढ़ावा देने की दिशा में वी वार्टे के मिशन में उन्हें अपना समर्थन दिया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के उनके प्रयासों की सराहना की और उनकी आगे की यात्रा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पटमदा, काटिन व बोड़ाम क्षेत्र में गुरुवार को विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विद्युत आपूर्ति मानगो अवर प्रमंडल-2 के अंतर्गत गुरुवार को 33 केवी का लाइन पटमदा, बोड़ाम व काटिन फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए सहायक अभियंता मोहम्मद शाहनवाज अंसारी ने बताया कि रविवार की सुबह दस बजे से दो बजे तक 33 केवी पटमदा फीडर में इंसुलेटर बदलने, मेंटेनेन्स कार्य करने, डाली की छंटाई, तार बदलने एवं संबंधित फीडर में नया पोल खड़ा करने हेतु विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त कार्य मेसस कुमार एंड संस के द्वारा किया जाएगा।

## सरायकेला प्रखंड में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रखंड कार्यालय सभागार सरायकेला में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल (जीपीएफटी) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रखंड विकास पदाधिकारी यस्मिता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा सबकी योजना, सबका विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम के निर्माण एवं सफल संचालन के लिए ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक पंचायत के लिए सहजकरता दल के आठ सदस्यों का चयन किया गया है, जो ग्राम सभा में फैसिलिटेट करेंगे। प्रशिक्षण के लिए दो दल का गठन किया गया है। प्रशिक्षण में सतत विकास के लक्ष्य, ग्राम पंचायत विकास योजना की निर्माण प्रक्रिया, सामाजिक मानचित्र संसाधन, मानचित्र वंचित परिवारों को चिन्हित करना, डेवलपमेंट स्टेटस रिपोर्ट पर समझ, महिला सभा, बाल सभा, ग्राम समृद्धि उद्धधन योजना, ग्राम पंचायत समन्वय समिति आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षक अमलेश सिन्हा, दास सोय, रश्मि विषय, त्रिलोकी साहू द्वारा प्रशिक्षुओं को विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रखंड समन्वयक भूपेंद्र महतो भी शामिल हैं।

## इंडस्ट्रीयल टाईटन की टीम ने स्टील वारियर्स को चार विकेट से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज लिमिटेड एवं टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में गम्हरिया स्थित टीजीएस मैदान में एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसमें स्टील वारियर्स एवं इंडस्ट्रीयल टाईटन दो टीमों ने भाग लिया। दस ओवर के मैच में स्टील वारियर्स की टीम ने 64 रन का लक्ष्य रखा जिसे इंडस्ट्रीयल टाईटन की टीम ने 9.3 ओवर में 6 विकेट खोकर पूरा किया। स्टील वारियर्स की ओर से अजय सेठी ने 16 रन बनाने के साथ चार विकेट भी प्राप्त किया जिन्हें मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। दोनों टीमों में एक-एक महिला खिलाड़ियों की उपस्थिति मैच के रौनक को बढ़ा रही थी। मैच का आकर्षण टाईटन टीम की महिला खिलाड़ी सुदूथि बेरा रही जिन्होंने स्टील वारियर्स टीम के कैप्टन अजय बेहरा को आउट किया। मैच के सफल आयोजन में टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ संदीप धीर एवं टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ दीपक पी कामथ की भूमिका सराहनीय रही। मैच के मुख्य अतिथि टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ दीपक पी कामथ ने न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया बल्कि महिलाओं से भी आगे आने की अपील की। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान किया गया।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने जुस्को ग्रीन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम किया आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने जुस्को ग्रीन में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के डीसीएलआर गौतम कुमार उपस्थित हुए, जिन्होंने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के महत्व के बारे में शिक्षित और प्रेरित करना था। पथ टीम द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व को उजागर करने के लिए जानकारीपूर्ण और मनोरंजक सामग्री के साथ दर्शकों को शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ ली, जिसमें सूचित निर्णय लेने और राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। वरिष्ठ नेतृत्व टीम और जुस्को श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस अवसर की गंभीरता को बढ़ा दिया और एक जागरूक और जिम्मेदार मतदाता बनाने की दिशा में सहयोगात्मक प्रयास पर जोर दिया । टाटा स्टील यूआईएसएल अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्ध है और समुदाय के कल्याण और सशक्तिकरण में योगदान देने वाली पहलों में सक्रिय रूप से संलग्न है। जुस्को ग्रीन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम नागरिकों के बीच नागरिक जुड़ाव और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल के समर्पण का एक प्रमाण है ।

### सदगुरु मानव जीवन में अति महत्वपूर्ण है : महंत डाक्टर ब्रजेशानंद सरस्वती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ क्षेत्र के कुंदरीलोंग में श्री श्री 108 स्वामी निगमानंद सरस्वती प्रवर्तित मानुषमुड़िया विभागीय भक्त सम्मेलन का तृतीय व अंतिम दिवस को जय गुरु नाम उद्घोष के साथ विमल चैतन्य सरस्वती व सारस्वत मठ के महंत डाक्टर ब्रजेशानंद सरस्वती द्वारा सदगुरु 108 परिब्रजकाचार्य परमहंस स्वामी निगमानंद सरस्वती देव के द्वारा बताए गए चतुर्विध साधन व सत गृहस्थ का प्रतिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वामी निगमानंद सरस्वती के लीला चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मोक्ष मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया। वहीं बंगाल के मुर्शिदाबाद के बाउल सम्राट उज्वल चक्रवर्ती द्वारा आध्यात्म और गुरु की महिमा पर एक से बढ़कर एक बाउल गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया एवं 24 घंटा मुक्त भंडारा का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय भक्त महासम्मेलन का अंतिम दिन महंत महाराज स्वामी निगमानंद सरस्वती के कठोर साधना व निर्विकल्प समाधि के जीवनी पर व्याख्या के बाद संध्या आरती, भोग वितरण के बाद धर्म सभा को समाप्त किया गया। महंत महाराज द्वारा सैकड़ों लोगों को दीक्षा संस्कार देकर नियम पंचक के अनुपालन का निर्देश दिया।

संपादकीय

# अयोध्या धाम से अबु धाबी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की छवि हिन्दूवादी नेता के तौर पर भारत में ही नहीं, अपितु विश्व में हो गई है। उन्हें एक ऐसे हिन्दू नेता के तौर पर देखा जा रहा है, जो अपनी हिन्दू पहचान पर गर्व करता है और सबको साथ लेकर चलता है। हिन्दू समाज के गौरव एवं आनंद को बढ़ानेवाले अवसरों पर उन्हें सब कोई उपस्थित देखना चाहते हैं। पिछले माह 22 जनवरी को उनकी गरिमामयी उपस्थिति में भारत की सांस्कृतिक राजधानी अयोध्या धाम में भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ तो अब 13 फरवरी को भारत के बाहर संयुक्त अरब अमीरात के शहर अबु धाबी में पहले हिन्दू मंदिर के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। अयोध्या धाम से अबु धाबी तक प्रधानमंत्री मोदी हिन्दुत्व का परचम थामे भारतीय विचार के प्रतिनिधि के तौर पर दिखायी देते हैं। यूएई मुस्लिम बाहुल्य है, वहाँ हिन्दू समुदाय का भव्य मंदिर बनना, यह भी भारत की बढ़ती शक्ति एवं स्वीकार्यता का द्योतक है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से बीते एक दशक में खाड़ी के देशों के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं, उनमें एक विश्वास दिखायी देता है। इसी विश्वास का परिणाम हैं कि यूएई का अमीर भारत के प्रधानमंत्री को कहता है कि आपको मंदिर निर्माण के लिए जो जगह और जितनी जगह चाहिए, आप एक लाइन खींच दीजिए, वह जमीन आपकी हो जाएगी। किसी देश के प्रमुख की ओर से यह बात कह देना, भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ उसके संबंधों की गहरायी को प्रकट करती है। उल्लेखनीय है कि 1997 में बहरीन में पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के आचार्य प्रमुख स्वामी महाराज गए थे। अबु धाबी में BAPS से जुड़े भक्त पहले से ही एक छोटे से भवन में मूर्तियां रखकर भगवान की सेवा करते थे। तब अबु धाबी की रेत पर बैठकर प्रमुख स्वामी महाराज ने संकल्प किया था कि यहां भी एक मंदिर बनाऊंगा। इसका जिम्मा उन्होंने महंत स्वामी महाराज को दिया। महाराज के आदेश पर 2012 मंदिर के लिए जमीन तलाशने का काम शुरू हुआ। इस बीच मंदिर से जुड़े प्रमुख आचार्यों एवं प्रबंधकों ने यूएई के राष्ट्रपति और अबु धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के सामने दो-तीन जमीन का प्रस्ताव रखा। इस दौरान 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई के प्रवास पर पहुंचे। तब मोदी के सामने ही क्राउन प्रिंस ने मंदिर की अनुमति दी और वचन दिया कि वे मंदिर के लिए जमीन देंगे। बहरहाल, 'अहलन मोदी' (हेलो मोदी) कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए ऐसे कुछ प्रसंग भी सुनाये, जिनसे पता चलता है कि दोनों राष्ट्रप्रमुखों के मध्य रिश्तों में गहरा विश्वास है। भारत और यूएई के बीच तकनीक के आदान-प्रदान एवं विकास के संदर्भ में महत्वपूर्ण संधि भी हुई हैं। भारत ने आगे बढ़कर यूएई को यूपीआई से भुगतान करने की तकनीक दी है। यह निर्णय तकनीक के क्षेत्र में भारत की बढ़ती धमक को प्रदर्शित करता है। व्यापारिक रूप से भी दोनों देश एक-दूसरे के काफी नजदीक हैं। यूएई, भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते जितने अधिक मजबूत होंगे, उतना ही लाभ दोनों देशों को मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का जिस ढंग से स्वागत किया गया है, उससे उनकी छवि वैश्विक स्तर के राजनेता के तौर पर और पक्की हो गई है। हिन्दू राजनेता के तौर पर यदि आज किसी को देखा जा रहा है, तो वह एक नाम भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है।

अयोध्या धाम से अबु धाबी तक प्रधानमंत्री मोदी हिन्दुत्व का परचम थामे भारतीय विचार के प्रतिनिधि के तौर पर दिखायी देते हैं। यूएई मुस्लिम बाहुल्य है, वहाँ हिन्दू समुदाय का भव्य मंदिर बनना, यह भी भारत की बढ़ती शक्ति एवं स्वीकार्यता का द्योतक है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से बीते एक दशक में खाड़ी के देशों के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं, उनमें एक विश्वास दिखायी देता है। इसी विश्वास का परिणाम हैं कि यूएई का अमीर भारत के प्रधानमंत्री को कहता है कि आपको मंदिर निर्माण के लिए जो जगह और जितनी जगह चाहिए, आप एक लाइन खींच दीजिए, वह जमीन आपकी हो जाएगी। किसी देश के प्रमुख की ओर से यह बात कह देना, भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ उसके संबंधों की गहरायी को प्रकट करती है। उल्लेखनीय है कि 1997 में बहरीन में पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के आचार्य प्रमुख स्वामी महाराज गए थे। अबु धाबी में BAPS से जुड़े भक्त पहले से ही एक छोटे से भवन में मूर्तियां रखकर भगवान की सेवा करते थे। तब अबु धाबी की रेत पर बैठकर प्रमुख स्वामी महाराज ने संकल्प किया था कि यहां भी एक मंदिर बनाऊंगा। इसका जिम्मा उन्होंने महंत स्वामी महाराज को दिया।

### केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया

# अंकगणित के साथ विमर्श के मोर्चे पर भी पिछड़ी कांग्रेस

विकास सक्सेना

**देश** के आम चुनाव के लिए सौ दिनों से भी कम समय बचा है, सभी राजनैतिक दल इसके लिए अपने-अपने तरीके से सियासी बिसात बिछा रहे हैं। विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरुआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंकगणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को छोड़ कर सुरक्षित तरीके से राज्यसभा सांसद बनने के फैसले से विमर्श के मोर्चे पर भी कांग्रेस पिछड़ गई है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया है। इससे उत्साहित मोदी विरोधी दलों के नेता कह रहे थे सामूहिक विपक्ष का उम्मीदवार उतार कर वे आसानी से भाजपा को हरा सकते हैं। अपने दावों को पुष्ट करने के लिए वे पिछले चुनावों में भाजपा को मिले वोट और अन्य दलों को मिले मतों का अंकगणित लगा कर यह समझाने की कोशिश में जुटे हैं कि जो वोट भाजपा को नहीं मिले हैं वे विपक्ष के साझा उम्मीदवार को मिल जाएंगे। इस तरह विपक्षी गठबंधन अजेय दिख रही भाजपा को आसानी से हरा देगा। इसके साथ ही चुनावी रैलियों में प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के एक मंच पर एकजुटता दिखाने से भाजपा विरोधी विमर्श तैयार करना भी आसान होगा। भाजपा के खिलाफ वातावरण तैयार करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारम्भ की है। इस यात्रा के पश्चिम बंगाल पहुंचने से पहले ही विपक्षी गठबंधन की प्रमुख नेता ममता बनर्जी ने ऐलान कर दिया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से समझौता न करने की बात कर ही रहे थे कि अब दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को सात में से सिर्फ एक सीट छोड़ने की बात कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं और शुभचिंतकों को सबसे ज्यादा उम्मीदें बिहार से थीं। यहां राजद, जदयू, कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन की सरकार भी चल रही थी। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही पटना में पहली बैठक आयोजित

विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरुआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंकगणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है।



करके विपक्षी गठबंधन की नींव रखी थी। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल कर राजग में शामिल हो गए हैं। केरल में मुख्य मुकाबला माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस नीत यूडीएफ के बीच होता है यहां भाजपा का जनाधार सीमित है। लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट के अलावा केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा था। यहां की 20 में से 19 सीटों पर कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की थी। इसको लेकर वामदल काफी चौकन्ने हैं। केरल के कम्युनिस्ट नेता कांग्रेस पर तीखे हमले कर रहे हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से किसी तरह का समझौता न करने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश में बसपा सुप्रीमो मायावती के गठबंधन में शामिल न होने की घोषणा से ही विपक्षी एकता की बातें औचित्यहीन लग रही थीं लेकिन रालोद नेता जयंत चौधरी के राजग में शामिल होने के बाद तो विपक्षी कुनबा बुरी तरह बिखर चुका है। सपा और कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता पार्टी नेताओं के राममंदिर विरोधी बयानों से असहज महसूस कर रहे हैं। हिन्दू धर्म, भगवान राम और रामचरित मानस के खिलाफ लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी शिकायत है कि उनके बयानों को पार्टी की तरफ से समर्थन नहीं मिल रहा है जबकि सपा नेताओं का एक वर्ग उनके बयानों से नाराज है और उनके खिलाफ कार्रवाई चाहता है। राज्यसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर अपना दल (कमेराबादी) की विधायक पल्लवी पटेल ने भी बगावत कर दी है। उन्होंने सपा पर पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए राज्यसभा चुनाव में सपा के उम्मीदवार को वोट न देने की घोषणा की है। लगातार दो लोकसभा चुनावों में अकेले अपने दम पर पूर्ण बहुमत के आंकड़े से अधिक सीटें जीत भाजपा ने देश की राजनीति की दिशा को बदल दिया है। एक समय था जब हर चुनाव से पहले सत्ता विरोधी रुझान की चर्चा आम हुआ करती थी। राजनैतिक विश्लेषक इसी आधार पर चुनावी नतीजों का आकलन किया करते थे। लेकिन वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों के मुकाबले 2019 के चुनावों में अधिक सीटें जीतकर भाजपा ने इस मिथक को तोड़ दिया। भाजपा के लगातार बढ़ते जनाधार से कांग्रेस और तमाम क्षेत्रीय दलों को अपना राजनैतिक अस्तित्व खतरे में नजर आने लगा है। खासतौर से केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाए गए सख्त रवैये और केंद्रीय जांच एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग की कार्रवाइयों से भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे राजनेता और नौकरशाह भयाक्रांत हैं। हालांकि विपक्षी नेता लगातार आरोप लगा रहे हैं कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों को राजनैतिक हथियार की तरह प्रयोग कर ही रही है, लेकिन हकीकत यह है कि जांच एजेंसियों ने छापे मारकर नोटों के पहाड़ बरामद किए हैं। और इन संस्थाओं ने जिन नेताओं को गिरफ्तार किया है उन्हें न्यायालय से भी राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में वे लोगों को इस बात के लिए संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि वे निर्दोष हैं और उनका बेवजह उत्पीड़न किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को पछाड़ने के लिए विपक्षी दलों के रणनीतिकार दो स्तरों पर प्रयास कर रहे थे। एक तरफ वे भाजपा के खिलाफ पड़े वोटों को एक खेमे में दिखाकर अंकगणित के हिसाब से विपक्षी गठबंधन को मजबूत दिखाने की कोशिश कर रहे थे। दूसरी ओर अलग अलग राज्यों के प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं को एक मंच पर लाकर भाजपा विरोधी लहर का विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगे थे। ताकि देश की जनता को यह विश्वास दिलाया जा सके कि चारों तरफ भाजपा और मोदी के खिलाफ माहौल बन रहा है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में पी बिजयन, पंजाब और दिल्ली में केजरीवाल की बेरुखी और बिहार में नीतीश कुमार, उप्र में जयंत चौधरी और महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के पाला बदलने से विपक्षी गठबंधन की चूलें हिल गई हैं। अब सोनिया गांधी के राजस्थान के रास्ते राज्यसभा जाने से भाजपा और उसके समर्थकों को यह विमर्श खड़ा करने में आसानी होगी कि कांग्रेस की नेता हार के डर से जनता की अदालत में जाने के बजाय सुरक्षित रास्ते से राज्यसभा में जा रही हैं।

दृष्टि कोण

# दो दशकों में 50 फीसदी तक बढ़ सकते हैं मामले, पुरुषों में खतरा अधिक

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2020 से 2040 तक मुंह के कैंसर (ओरल कैंसर) की घटनाएं 50.7% तक बढ़ सकती हैं। ओरल कैविटी कैंसर के अनुमानित मामले 60 लोगों में से एक में हो सकते हैं। वाराणसी में, पीबीसीआर के आंकड़ों के अनुसार, ओरल कैविटी पुरुषों में कैंसर का प्रमुख कारण है, जो लगभग 40% कैंसर के लिए जिम्मेदार है, जबकि महिलाओं में यह 6% है। कैंसर के हर तीन में से एक मामला मुंह के कैंसर का हो सकता है। जिले में 48 में से 1 पुरुष को मुंह का कैंसर होने का खतरा है। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों (प्रति 100,000 जनसंख्या पर 22.4) में कैंसर की घटना दर 38% अधिक है। इस अंतर को जीवनशैली, खान-पान की आदतों और स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच के कारण अधिक निदान के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ओरल कैंसर, मुंह की एक घातक बीमारी है जो जीभ, अंदरूनी गाल, ऊपरी और निचले जबड़े के हिस्से को प्रभावित करती है। यह अधिकतर मौखिक



म्यूकोसा के कार्सिनोजेनिक पदार्थों के अत्यधिक संपर्क में आने के कारण बनता है। वाराणसी में इस कैंसर का प्रमुख कारण चबाने वाली तंबाकू (खैनी/सूरती) और सुपारी है। निष्कर्षों से पता चलता है कि जो लोग शराब और तंबाकू दोनों का सेवन करते हैं उनमें मुंह के कैंसर का खतरा उन लोगों की तुलना में 8 गुना अधिक होता है जो दोनों का सेवन नहीं करते हैं। सिगरेट-बीड़ी पीना और सुपारी या पान चबाना भी उतना ही हानिकारक है। कुछ अन्य कारणों में एचपीवी वायरस, खराब फिटिंग वाले डेन्चर शामिल हैं। चूंकि मुंह के कैंसर के शुरुआती चरण दर्द रहित और लक्षणहीन होते हैं, इसलिए उनका निदान करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सभी संभावित उपचारों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करने के बाद भी, सफलता (पांच साल तक जीवित रहने) की संभावना कम रहती है। कई कैंसर पीड़ित उच्च स्तर की विकृति और दर्द के कारण मौत का शिकार भी हो जाते हैं। कुछ मरीज जो शुरू में ठीक हो जाते हैं उन्हें बाद की उम्र में कैंसर की पुनरावृत्ति का अनुभव हो सकता है। मुंह के कैंसर आमतौर पर, घाव (शुरुआती लक्षण) सफेद घाव (ल्यूकोप्लाकिया) या लाल घाव (एरिथ्रोप्लाकिया), मुंह में जलन (लाइकेन प्लेनस), मुंह खोलने में परेशानी (ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस) और ठीक न होने वाले अल्सर पैदा कर सकता है। एक बार कैंसर के घातक होने पर मुंह, चेहरे के हिस्से में अनियमित वृद्धि/घाव/ठीक न होने वाले अल्सर को स्पष्ट देखा जा सकता है। ये गर्दन के लिम्फ नोड्स में भी सूजन का भी कारण बन सकती है। मौखिक कैंसर का निदान आमतौर पर परीक्षण (विजुअल एग्जामिनेशन) द्वारा किया जाता है, यह मौखिक कैंसर के निदान का एक बहुत ही लागत प्रभावी तरीका है। क्लीनिकल निदान की पुष्टि करने के लिए डॉक्टर बायोप्सी करते है, जिसमें लोकल एनेस्थीसिया देकर मुंह के प्रभावित क्षेत्र का एक छोटा सा टुकड़ा लेना और माइक्रोस्कोप से इसकी जांच करना शामिल है। यदि कैंसर के निदान की पुष्टि हो जाती है तो रोगी को सीटी स्कैन, एमआरआई या पीईटी स्कैन जैसी आगे की जांच की आवश्यकता हो सकती है। सर्जरी प्रमुख उपचार है जिसके बाद उन्नत मामलों में रेडिएशन और कीमोथेरेपी जैसे सहायक उपचार आते हैं। आदत में सुधार, कैंसर के रोकथाम, शीघ्र निदान की कुंजी है। किसी भी सफेद या लाल धब्बे या दर्द रहित अल्सर के लिए ऑन्कोलॉजिस्ट से सलाह लेनी चाहिए। इलाज पूरी तरह से निदान के समय पर निर्भर करता है। मुंह के कैंसर का यदि शीघ्र निदान हो जाए तो इसे ठीक किया जा सकता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## अपराधियों ने बाइक सवार से हथियार दिखाकर लुटपाट किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र मे छिनतई गिरोह ने आतंक मचा रखा है , बताते चलेंल गातार आज दुसरी बार हथियार बंद सिरफिरे बाइकार लुटेरे गैंग ने तीन दिन पुर्व इसी जगह के आसपास जवाहर निवासी को निशाना बनाया था और नकद रुपए सहित मोबाइल छीनतई की गई थी। ऐसा ही मामला आज फिर बड़ा आफिस स्थित देखने को मिला जहां घात तीन अज्ञात अपराधकर्मी ने फिर बंदूक के बल पर मनीष राजवार न्यू बैरक निवासी को निशाना बनाया और पिस्तौल के कुंदे से मार-पीट कर नकद पैसे और मोबाइल लूटपाट कर फरार हो गए।जानकारी अनुसार मनीष राजवार सेंट्रल सौंदा से अपने घर भुरकुंडा की और आ रहें थे जिस बीच अज्ञात अपराधकर्मी ने बड़ा आफिस के पास उन्हें रोककर धावा बोल दिया और मार-पीट करते हुए पैसे और मोबाइल लेकर फरार हो गए। घटना के बाद भुक्तभोगी ने भुरकुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हालांकि इस तरह का घटना एक जगह पर दोबारा घटित होना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है । इससे जाहिर होता है अपराधकर्मी का मनोबल चरम सीमा पर है।घटना के बाद सूत्रों के बीच में कई तरह की चर्चाएं कुछ अज्ञात अपराधकर्मी तो कुछ इसे बढ़ती नशाखोरी ड्रग्स के आदि लड़कों को भी शक के निशाने से देख रहें हैं। हालांकि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और पीड़ित को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। वहीं लगातार दूसरी बार घटना के बाद इस रास्ते से आने जाने वालों के में भय का माहौल उत्पन्न होता जा रहा।

### हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर उरीमारी से सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता रांची हुए रवाना

## केंद्र सरकार ने हमारे मुख्यमंत्री को जानबूझकर फसाने का काम किया है : संजीव बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा चौक स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले बुधवार को झामुमो केन्द्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्रधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया के नेतृत्व में सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता रांची रवाना हुए।वहीं रवाना होने से पूर्व केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि केन्द्र में बैठी भाजपा की सरकार ने हमारे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जानबूझकर फसाने का काम कर रही है।भाजपा की इस मंसुबे को कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा। हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जबतक रिहा नहीं किया जाता तबतक हम सभी रांची में न्याय यात्रा में शामिल होकर केन्द्र सरकार कि षड्यंत्र निति का विरोध करेंगे। वहीं संजीव बेदिया ने यह भी कहा कि आगामी चुनाव में झारखंड से भाजपा को हमारी गठबंधन की सरकार जड़ से उखाड़ कर फेंक देगी। वही सभी कार्यकर्ताओं रांची रवाना होने से पूर्व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं पारंपरिक हथियार के साथ नजर आएं। वहीं रांची रवाना होने वालों में संजीव बेदिया, टिकेश्वर बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, सत्यनारायण बेदिया, रामप्रसाद करमाली, रविन्द्र बेदिया, बिनोद बेदिया, ओमप्रकाश कुमार, संकर साव, मनोज महतो, बिनोद हेम्ब्रोम, डिएन सिंह, निरंजन सिंह, उमेश बेदिया, सुरज बेसरा, संतोष सिंह, पंकज हेम्ब्रोम, बिजय सोरेन, प्रेम सोरेन, अजय करमाली, अशोक करमाली, श्याम बेदिया आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## राकोमयू व विसमो के पदाधिकारियों ने उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम से शिष्टाचार भेंट किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी ओपी में नये ओपी प्रभारी रामकुमार राम के पदस्थापित होने पर बुधवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव व उनके सभी पदाधिकारियों ने उरीमारी ओपी परिसर में ओपी प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात किये। वहीं इस दौरान क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने ओपी प्रभारी रामकुमार राम को उरीमारी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया। कहा कि आज उरीमारी क्षेत्र नशे की गिरफ्त में हैं। कम उम्र के बचे भी नशे के आदि हो रहे हैं। क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। तो नये ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने राजू यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता है कि उरीमारी क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखना एवं नशा खोरी पर नकेल कसना। उरीमारी के ग्रामीण इलाकों में पेट्रोलिग कर ग्रामीणों को सुरक्षा मुहैया कराया जाएगा।ओपी प्रभारी से मिलने वालों में विसमो सचिव महादेव बेसरा,डा जीआर भगत, कानू मरांडी, सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी,चन्दू जायसवाल, संजय कुमार यादव आदि लोग मौजूद थे।

## चितरपुर इंटर कॉलेज के छात्र अमन कुमार ने नेशनल वुशु गेम में सिल्वर मेडल पाकर कॉलेज का नाम किया रौशन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के खेल गांव ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में आयोजित एसजी एफ आई नेशनल वुशु गेम का आयोजन किया गया था। इस आयोजित खेल में चितरपुर इंटर कॉलेज के ग्यारहवीं के छात्र अमन कुमार पिता सुरेंद्र कुमार के आलावा देश भर से 500 खिलाड़ी शामिल हुए। छात्र अमन कुमार ने अंडर 45 किलो ग्राम का भार उठाकर सिल्वर मेडल से विजेता प्राप्त हुआ। इधर रामगढ़ जिला वुशु एकेडमी के सचिव गौरीशंकर दांगी ने बताया कि अमन की थोड़ी सी मेहनत में हुई कमी के कारण गोल्ड मेडल से चूक गए। राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीत कर छात्र अमन कुमार के द्वारा चितरपुर इंटर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस दौरान छात्र के कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज के प्राचार्य मो मंजर शाहनवाज व महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। कॉलेज के प्राचार्य ने मीडिया कर्मी को यह भी बताया की आए दिन कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा इस तरह खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से बेहतर तरीके से सम्मानित करते हुए पुरुस्कृत किया जाएगा।



## अरगड्डा में इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन पत्रकार संगठन विस्तार को लेकर हुई बैठक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बिरसा चौक बैंगा मोड़ (बिरसा चौक) में इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (ईरा) पत्रकार संगठन की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता वरीय पत्रकार कृष्ण कुमार व संचालन मोहम्मद शाहिद ने की। अवसर पर मुख्य रूप से ईरा के प्रदेश झारखंड महासचिव रविकांत बनर्जी, ईरा कार्यकारिणी अध्यक्ष तपन बनर्जी उपस्थित हुए। अवसर पर ईरा प्रदेश झारखंड महासचिव रविकांत बनर्जी ने संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को समान रूप से एक साथ आगे आने की अपील की गई। साथ ही प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन के साथ मिलकर पत्रकार हितो समेत, जन समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने की बातें कही गई। वही बैठक की अध्यक्षता कर रहे और यह पत्रकार कृष्ण कुमार ने कहां कि संगठन के सामाजिक दायित्व को निभाते हुए आगामी दिनों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पत्रकार सदस्यता अभियान को तेजी से चलाया जाएगा। बैठक में कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र सहित पूरे जिले में पत्रकार एकजुटता पर चर्चा हुई। इसके तहत हर एक दूसरे के विपत्ति समस्या पर साथ देने की बात कही गई। इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन संगठन के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सदस्यता अभियान व बीमा निःशुल्क करने का निर्णय लिया गया। आगामी 20 मार्च को अरगड्डा काजू बागान में पत्रकारों का होली मिलन समारोह आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक में पत्रकार सुरेंद्र राम, इंतखाब आलम, अजय कुमार, दीनानाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय खोरठा विभाग में मातृभाषा दिवस मना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोरठा के प्राध्यापक प्रो बीरबल महतो ने की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की मातृभाषा खोरठा है हमें इस भाषा को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें इसे पढ़ने लिखने से ज्यादा खोरठा को बोलने में प्रयोग करना चाहिए। दुख की बात ये है कि हम प्रयोग में अपनी मातृभाषा को तरजीह नहीं देते हैं। पुष्पा कुमारी और निशा कुमारी ने खोरठा भाषा में स्वनिर्मित कविता और गीत प्रस्तुत की। इस अवसर पर अतिथि के रुप उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान, राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक मो साजिद हुसैन और जितेंद्र कुमार राणा उपस्थित थे। इन अतिथियों ने वक्ता तौर पर कहा कि मातृभाषा हमें हमारी सभ्यता और संस्कृति से जोड़ कर रखती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित भी करती है बल्कि मातृभाषा ही किसी भी व्यक्ति के शब्द और संप्रेषण कौशल की उद्गम होती है। एक कुशल संप्रेषक अपनी मातृभाषा के प्रति उतना ही संवेदनशील होगा जितना विषय-वस्तु के प्रति। मातृभाषा व्यक्ति के संस्कारों की परिचायक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोसत्व 2024 के दूसरे दिन देश के जाने माने व स्थानीय कलाकारों ने बांधा समा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 19, 20 एवं 21 फरवरी 2024 के दूसरे दिन 20 फरवरी को देश के जाने माने कलाकार और स्थानीय कलाकार द्वार नृत्य, ग़ज़ल, सूफी, संगीत, समेत अन्य कार्यक्रम किया गया। 20 फरवरी को कार्यक्रम के दूसरे दिन भव्य आयोजन किया गया।कलाकार ने अपने कला की प्रस्तुति से समा बांधा और लोगों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारो में शुसिल महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप छउ नृत्य, शालिनी दुबे एवं ग्रुप गायन, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह संस्कृतिक कार्यक्रम, किस्सू राहुल एवं ग्रुप ग्रुप डांस, रोहित आर के एंड ग्रुप झालिवुड सांग व डांस, बिनोद राठौर एवं ग्रुप बॉलीवुड संगीत। कार्यक्रम के अंत में माननीय सांसद चतरा लोकसभा क्षेत्र श्री सुनील कुमार सिंह, माननीय विधायक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र श्री किशुन दास, उपायुक्त श्री अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन द्वारा सभी कलाकारों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया गया। बताते चले कि राजकीय इटखोरी महोत्सव से पूर्व जिले के लगभग अधिकारी, पदाधिकारी का स्थानांतरण हो चुका है और भव्य महोत्सव आयोजन को सफल बनाना जिला प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी लेकिन फिर भी जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के एक एक अधिकारी ने दिन रात मेहनत कर 19,20 फरवरी के आयोजन को सफलतापूर्वक सफल बनाया। **कलाकारों के समय सारणी में किया गया बदलाव :** वहीं आज तीसरे दिन 21 फरवरी को अंतिम दिन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। आज के कार्यक्रम में ये कलाकार बांधेंगे समा बीएसएफ हजारीबाग 6 बजे संध्या से 6:30 संध्या तक, सिमरन साह एवं ग्रुप 6:30 बजे संध्या से 7 बजे रात्रि तक, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप 7 बजे रात्रि से 7:30 बजे रात्रि तक, रजत आनंद एवं ग्रुप 7:30 बजे रात्रि से 8:30 रात्रि तक, मृणालिनी आखौरी 8:30 बजे रात्रि से 9:30 बजे रात्रि तक, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप 9:30 बजे रात्रि से 11 बजे रात्रि तक एवं 11 बजे रात्रि में राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 का समापन एवं भाषण कार्यक्रम होगा।

## हाईवा चालक वा टेंपो चालक आपस में भिड़े



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय मैन चौक समीप हाइवा के तेज रफ्तार कोलवाहन ने बुधवार को एक टेम्पू व चालक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे टेम्पू सहित चालक बाल बच गया। जिसे लेकर दोनों वाहन चालक में तु तु मैं मैं शुरू हो गया। और चालक के बीच मारपीट होने लगा। जिसमें कोलवाहन हाइवा चालक को मुंह मे चोट लगी।ग्रामीणों की मदद से दोनों को अलग कर दिया गया। बताया गया कि कोलवाहन हाइवा चालक युगल उरांव बताया किगया। जबकि टेम्पू चालक दुवारी गांव निवासी दिनेश साव है।इस दौरान हाइवा वाहन के साइड आइना भी टूट गया। बताते चलें कि चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में कोलवाहन हाइवा के परिचालन से कई लोगों की मौत दुर्घटना में हो चुकी है। फिर भी कोई अंकुश नहीं है।चालक बेपरवाह होकर तेजी से गाड़ी भगाते हैं। ऐसे में स्कूली बच्चे सहित राहगीरों के साथ बड़ी घटना घटते घटते बाल बाल बचा है।ग्रामीणों ने मुख्य सड़क में दिन में नो इंट्री लगाने की मांग जिला प्रशासन से किया है। फिर भी किसी का ध्यान नहीं है।

## एसी पवन मंडल डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता से लिए प्रभार, बने चतरा के नए डीडीसी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देश पर 2017 बैच के आईएएस अधिकारी उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता को जिले से स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी रांची का निदेशक बनाया गया है। दूसरी ओर चतरा में पदस्थापित अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल को बड़ी जिम्मेवारी दिया गया है। राज्य सरकार ने उन्हें जिले का नया डीडीसी नियुक्त किया है। चतरा शहर के मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान में अग्रणी भूमिका निभाकर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने नगर परिषद क्षेत्र के सुंदरीकरण की दिशा में बेहतर कार्य कर काफी चर्चा में आए है। एसी पवन मंडल के सफल नेतृत्व और उनके कार्य करने की शैली से चतरा की जनता का दिल जीत लिया है। इनके इकोफ्रेंडली सिस्टम के प्रयास का चतरा जिला के लोग काफी सराहते है और लायक भी करते है।

## चतरा-रांची लाइफ लाइन सड़क पर दो वर्ष बाद शुरू हुआ आवागमन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय से टंडवा होते हुए रांची को जोड़ने वाली लाइफ सड़क पर एक बार फ़िर से आवागमन शुरू हो गया है।सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के प्रयास से गेरुआ नदी पर पुल बन कर तैयार हो गया।करीब दो वर्ष पूर्व भारी बारिश से पूल का कई पिलर धंस गया था।विधायक किशुन कुमार दास ने पुल के पुनर्निर्माण को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात किया और काफी मशक्कत के बाद पूल का जीर्णोधार कार्य शुरू हुआ और यही पूल का एक बार फ़िर आने जाने के लिए तैयार है।इस मौके पर विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में विकास की सभी योजनाएं लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के विश्वास पर खड़ा उतरने का प्रयास कर रहे हैं।

## झामुमो के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर निकली रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत दुवारी पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक बुधवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष व संचालन पंचायत अध्यक्ष ने किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी और सीबीआई के तहत जेल में डाल दिया है। निस्के विरोध में बैठक कर न्याय मार्च रैली निकालने का निर्णय ले रैली निकाली गई। मौके पर मुखलाल भोक्ता, मंटू गुप्ता, रामनाथ रजक, मुन्नी देवी कुंती देवी सीता देवी राधा देवी मालती देवी असलम अंसारी प्रवेश आलम सहित कई शामिल थे।

## 14 वीं थाना प्रभारी बने अमित कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के 14 वीं नये थाना प्रभारी एसआई अमित कुमार गुप्ता बने। इन्होंने बुधवार को गिद्धौर थाना में योगदान दिया। इन्होंने प्रभारी अशोक कुमार पांडेय से प्रभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि, क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग स्थापित करना पहली प्राथमिकता होगी। थाना के अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना व क्राइम ग्राफ को नीचे रखने का काम करना पहली प्राथमिकता होगी।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गव्य प्रक्षेत्र द्वारा लातेहार पशुपालन विभाग के कार्यालय परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यकम को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा पशुपालन विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजनाओं, टीकाकरण की महत्ता तथा पशुधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आजीविका के लिए उन्नत पशुपालन अपनाने तथा विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गई।जिला पशुपालन विभाग में पदस्थापित पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं के विभिन्न बीमारी के संबंध में जानकारी दी। वहीं बीमारी के इलाज व दवा के विषय में भी पशुपालकों को बताया गया। आयोजित प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई तथा स्टाल लगाकर पशुपालकों को पशु को पोषक तत्वों, पाचन क्रिया, बीमारी आदि से संबंधित दवा एवं पोषक तत्वों के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, विधि शाखा प्रभारी श्रेयांश, अन्य जनप्रतिनिधि एवं पशुपालन विभाग के आधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## दो बाइक आपस में भिड़े, एक फरार, दूसरा घायल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय ब्लॉक मोड समीप बुधवार को दो बाइकों की टक्कर आमने सामने हो गयी।जिसमे नसीम नामक व्यक्ति व एक अन्य को चोट लगी। बताया गया कि नसीम अंसारी दुवारी गांव निवासी है। जबकि दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया।फरार होने को ले कर ब्लॉक मोड़ समीप आपस मे ही ग्रामीण भीड़ गये।बताया गया कि नसीम आने घर तिलैया से चतरा की ओर जा रहे थे।इसी बीच ब्लॉक मोड़ समीप दोंनो बाइकों की टक्कर हो गया।

## मां उग्रतारा अल्ट्रासाउंड सेंटर का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ बस स्टैंड के समीप शॉपिंग बाजार मार्केट में बुधवार को मां उग्रतारा अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रकाश बड़ाइक, दंत चिकित्सक, डॉ अलीशा टोप्पो ,आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक नीतीश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह सेंटर में सभी प्रकार का अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। बालूमाथ में अभी तक एक भी बैध अल्ट्रासाउंड नहीं होने के कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि बृद्ध, गरीब, असहाय लोगों को अल्ट्रासाउंड में विशेष छूट दी जाएगी। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक ने कहा कि बालूमाथ में अल्ट्रासाउंड सेंटर खोले जाने से अब यहां के लोगों को रांची जाने से बचेंगे। इस मौके पर आलोक कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, आशीष कुमार, विपिन कुमार, सुशील कुमार, सोनू कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

## लातेहार में मोदी हटाओ, लोकतंत्र बचाओ नारे के साथ शुरू हुआ लोकतंत्र बचाओ यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चतरा संसदीय क्षेत्र के लिए लातेहार में लोकतंत्र बचाओ (अबुआ झारखंड, अबुआ राज) यात्रा शुरू की गई। यह यात्रा 21-23 फरवरी तक लातेहार के सभी प्रखंडों के विभिन्न गाँवों में जायेगी।वही बुधवार को यात्रा महुआडांड से शुरू होकर गारू, सरजू और बरवाडीह के मायापुर, अरमू, कोटाम, मनातू समेत विभिन्न गाँवों में गई। इस दौरान जन सभाओं का आयोजन हुआ, पर्चे बांटे गए और पोस्टर चिपकाए गए। यह यात्रा 2024 लोकसभा चुनाव में लातेहार, झारखंड, देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने की जन संपर्क यात्रा है।सभाओं में वक्ताओं ने कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मज़दूर और महिलाओं के अधिकारों का घनघोर हनन किया है। जीवन की स्थिति को बद से बतर बना दिया है। हाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फर्जी आरोप पर गिरफ्तार करना और आदिवासी-मूलवासियों द्वारा चुने हुए सरकार को बार-बार गिराने की कोशिश भाजपा और मोदी सरकार के आदिवासी विरोधी चेहरा को बेनकाब कर दिया है। मोदी सरकार श्रष्ठ और ष्ट्रक्ष्ढ्ढ को केवल राज्य सरकाओं और विपक्षी पार्टियों को खतम करके देश को एक पार्टी तानाशाह राज बनाने के लिए अलोकतांत्रिक तरीके से इस्तेमाल कर रही है। दूसरी और मोदी सरकार का भ्रष्टाचार सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को गैर-संवैधानिक करार देकर उजागर कर दिया है। इस योजना का इस्तेमाल कर भाजपा ने कॉरपोरेट घरानों से चुपके से 10000 करोड़ रु से अधिक चुनावी चंदा लिया है। दस सालों में आदिवासी-मूलवासियों एवं उनके जल, जंगल, ज़मीन और खनिज पर विशेष हमले हुए हैं।मोदी सरकार ने वन संरक्षण कानून में संशोधन कर वन अधिकार कानून के तहत मिले और मिलने वाले वनभूमि और संसाधनों पर ग्राम सभा के अधिकारों को छीनकर पूंजीपतियों को जंगल सौंपने का फैसला लिया है। भाजपा सरकार ने लैंड बैंक बनाकर ग्राम सभा की 22 लाख एकड़ सामुदायिक ज़मीन छीन ली थी। अब उसी प्रकार जंगल बैंक बनाने की तैयारी है। इसका सीधा प्रभाव लातेहार के आदिवासी-मूलवासियों के जीवन पर पड़ेगा।मोदी सरकार जन अधिकारों पर हमला के साथ साथ संविधान को भी समाप्त कर रही है। लातेहार के यात्रा में आज कई सामाजिक-राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधि - अजीत पाल कुजूर, अनिल मनोहर, बिमल कुजूर, इफ्तेखार अहमद, जॉर्ज मोनीपल्ली, जेरोम जेराल्ड कुजूर, जितेंद्र सिंह, हरी कुमार भगत, इनियुस मिंज, मंथन, मोरिस टोप्पो, नारायण भगत, सेलेस्टिन कुजूर, सिराज दत्ता, टॉम कावला, तौफीर मियां, विजय बरवा व जिला परिषद सदस्य जीरा देवी समेत कई लोग भाग लिए और अपनी बात रखे।

## वृद्धावस्था पेंशन का आवेदन 21 से 22 फरवरी तक शिविर में जमा करें : देवाशीष टोप्पो



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचलाधिकारी देवाशीष टोप्पो ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा बहुत से महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है इन्हीं योजनाओं में एक योजना है वृद्धावस्था पेंशन योजना जीसके तहत 50 से 60 वर्ष तक सभी वर्ग की महिलाओं तथा 50 से 60 वर्ग के बीच अनुसूचित जाति जनजाति के सभी लोगों को इसका लाभ देने का प्रावधान तय किया गया है इसको लेकर आपके पंचायत में ही कैंप का आयोजन किया गया है आप कैंप में जाकर आवेदन दे सकते हैं इसका समय आज दिन बुधवार से 22 फरवरी तक तय किया गया है इस बीच शहरी क्षेत्र मे कैंप का आयोजन निम्नलिखित स्थल धर्मपुर मैदान बैडमिंटन कोर्ट के सामने, डुरवा शिव मंदिर के पास मैदान के पास, अमवाटीकर मिडल स्कूल मंदिर एव, करकट मेडिकल के पास तय किया गया है आगे उन्होंने लातेहार जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग बढ़-चढ़कर शिविर आकर आवेदन दे और इसका लाभ उठाएं अगर किन्हीं लोगों को इसकी जानकारी लेनी हो तो आप अपने पंचायत के मुखिया वार्ड सदस्य से इसकी जानकारी ले सकते हैं आपको शिविर में ही फार्म उपलब्ध कराया गया है। जहां आप फॉर्म भरकर तुरंत आवेदन शिविर में जमा कर दें।

## अबुआ आवास योजना में पंचायत स्तरीय टीम द्वारा बरती गई भारी अनियमितता

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में पंचायत स्तरीय टीम द्वारा मनमानी करते अपात्र लाभुकों को योग्य करते पात्रता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को अयोग्य करार दिया है। बताते चलें कि पंचायत स्तरीय टीम द्वारा पात्रता मापदंड अनुसार लाभार्थियों की स्थाई प्रतिक्षा सूची निर्धारित की गई है साथ ही प्राप्तांक के आधार पर रैंकिंग करते हुए स्थाई प्रतिक्षा सूची को अंतिम रूप दिया गया है।दुसरी तरफ पात्र लाभार्थियों द्वारा प्रखंड स्तरीय टीम के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। वहीं इस संबंध में प्रखंड के पंचायत चुंगरु के मुखिया और टीम के सदस्य बलदेव परहिया द्वारा मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र माननीय मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज व जिला परिषद सदस्य को सौंपा है। जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया है कि पंचायत के छह गांव में एक गांव हेहेगड़ा को 92 प्रतिशत लाभार्थियों को प्राथमिकता सूची में लिया गया है जिससे अन्य गांवों के लाभार्थियों में रोष व्याप्त है। वहीं पत्र के माध्यम से बताया गया है कि विशेष ग्राम सभा के अनुसार योग्य लाभुकों की प्राथमिकता सूची तय की गई है उसी को आधार बनाकर नयी सूची तैयार किया जाए जिससे कि योग्य लाभार्थियों को अबुआ आवास का लाभ मिल सके।बता दें कि मुखिया बलदेव परहिया के निगरानी में ही मापदंड के अनुसार प्राथमिकता सूची निर्धारित की गई है।

## हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में निकला न्याय मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी व केंद्र सरकार के षड्यंत्रपूर्ण कार्यशैली के विरोध में न्याय मार्च निकाला। न्याय मार्च बरनी ग्राम के अखड़ा से प्रारंभ होकर पुरे गाँव टोला का भ्रमण करते हुए मुख्य सड़क एनएच 22 स्थित यादव फ्यूल तक गया। न्याय यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा, हेमंत तु न घबराना तेरे पीछे है सारा जमाना, केंद्र सरकार होश में आओ, केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग बंद करो, ईडी तेरी मनमानी नहीं चलेगी, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, झामुमो एकता जिंदाबाद सहित कई नारे लगा रहे थे। वहीं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बीस सुत्री अध्यक्ष गंझु ने कहा कि केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के कारण हम सबों के नेता हेमंत सोरेन को झारखंड के अस्मिता बचाए रखने के लिए जेल जाना पड़ा। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आ जाते। झारखंड हूल की धरती है। आजादी के लिए अंग्रेजों से पहले लड़ाई संतालपरगना से शुरू हुई थी। हेमंत सोरेन ने झारखंड का मान-सम्मान बढ़ाया और वीरों की भूमि का मान रखा।जबसे हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो की सरकार बनी है इनके समुचित विकास के क्षेत्र में कार्य को देख कर भाजपा को पच नहीं रहा है। और ईडी के सहारे हम झामुमो के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद करने का कार्य कर रहा है। यह अन्याय होने नहीं देंगे। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, सचिव अनिल तुरी, संगठन सचिव मंगर गंझु, युवा अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु,युवा उपाध्यक्ष अनिल यादव, रवि यादव, मोहन गंझु, राजेश गंझु, युवा सदस्य राजदेव उराँव, मनोज यादव, वसंत नायक, डेटन गंझु, सोमा गंझु, रामजित गंझु, करिवा गंझु, मनोज गंझु, प्रमोद यादव, ननकु गंझु, रंजन उराँव, सनि, मो शमीम, विनेसर गंझु, अजय गंझु, कौलेश्वर गंझु, राहुल यादव, मन्नु कुमारी, संजय गंझु, बालचन्द्र गंझु, अमित गंझु, पिन्टू गंझु, सुरेश गंझु, सहित कई लोग शामिल थे।

## विधायक ने वैष्णव दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है।उत्सव के दूसरे दिन स्थानीय विधायक सह श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। सबसे पहले उन्होंने मंदिर परिसर में माता के समक्ष अपना माथा टेका और क्षेत्र के सुख शांति की कामना की।इसके बाद उन्होंने मंदिर के दूसरे तल्ले में 22 फरवरी को होने वाले भंडारा को लेकर किये जा रहे कार्यो का जायजा लिया और इस पर उन्होंने संतोष प्रकट किया।कहा कि समिति के द्वारा आयोजन को भव्य बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर पूरे जिले का एक प्रतिष्ठित मंदिर है।यहां लोग दूर दराज क्षेत्रों से आते हैं और अपनी मनोकामना पूरी करते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 22 फरवरी को मध्याह्न 12 बजे से भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा।सचिव आशीष टैगोर व सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि 22 फरवरी की रात्रि में धनबाद के सरोज कुमार लख्खा के द्वारा भगवती जागरण किया जायेगा। मौके पर समिति के द्वारा विधायक श्री राम को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, सुदामा प्रसाद गुप्ता, रंजीत कुमार साहू, विजय प्रसाद गुप्ता, अशोक दास, अंकित पांडेय, रंजीत कुमार, सतीष कुमार, प्रदीप प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा व आकाश जायसवाल आदि मौजूद थे। **दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया :** 31 वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया. पुरोहित त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया. इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सपत्नीक मौजूद थे। 22 फरवरी को प्रातः नौ बजे पूर्णाहुति व हवन किया जायेगा। इसके बाद नौ कन्या पूजन किया जायेगा।

## नये आचार्य के रूप में जय नारायण सिंह ने प्रभार ग्रहण किया



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार स्टेशन में जय नारायण सिंह नये आचार्य के रूप में योगदान दिया है। विधालय के प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा ने बताया कि जय नारायण सिंह सामाजिक विज्ञान आचार्य के रूप में योगदान दिया है। योगदान के उपरांत विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विवेक कुमार गुप्ता एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा द्वारा आचार्य को पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया। तथा बहनों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर उन्हें स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही हाउस में टीएसएस की बैठक संपन्न, कई विषयों पर हुई चर्चा




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड कमिटी का बैठक हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार एवं संचालन बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार, बरही विधानसभा के प्रत्येक गांवों में कार्यक्रम, संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना, जनता की समस्याओं का समाधान के लिएकार्य एवं बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने कहा कि पूरा बरही विधानसभा अभी बदलाव के पक्ष में है और सभी हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं, हमें उनके भरोसे को बरकरार रखना है। इसके लिए हमें पूरे विधानसभा में जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़कर कार्य करना होगा ताकि हम उनके सपनों को साकार करने में सक्षम हो सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष भोली पासवान, धनवार पंचायत उपाध्यक्ष समसुद्दीन अंसारी, करियातपुर पंचायत सचिव चमारी ठाकुर, करसों पंचायत अध्यक्ष प्रभु भुइयां, धनवार पंचायत प्रभारी शौकत अंसारी, मनोज पांडे, मुरली कुमार दास, गौरियाकरमा पंचायत अध्यक्ष राजू मेहता, विजय कुमार, तुलसी पांडे, अशोक बाड़ा, सुखदेव उरांव, शामू उरांव, रंजीत उरांव, करसो पंचायत उपाध्यक्ष रामप्रकाश रविदास, विजय कुमार दास, विकास साव, दूलमाहा पंचायत अध्यक्ष मोहन साव, डपोक पंचायत अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, करियातपुर पंचायत प्रभारी रामेश्वर रविदास, सुनिल केशरी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल में हुआ एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग सह प्रशिक्षण कैंप का आयोजन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचामधव स्थित सीबीएसई से निबंधित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग सह प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। बेहतर करने वाले सभी बच्चो को प्रमाण पत्र एवं बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक सिहान उदय ने बताया कि विद्यालय के बच्चे काफी ऊर्जावान है उसका कारण है कि संस्थान के निदेशक शैलेश कुमार स्वयं इतने ऊर्जावान है कि उनके कुशल मार्गदर्शन में बच्चो में भी ऊर्जा देखने को मिलती है। उन्होंने मैनेजर सुषमा भारती का भी आभार व्यक्त किया। जिन्होंने छात्राओं को काफी सकारात्मक बातें बताई, जिससे बच्चे काफी प्रेरित होते नजर दिखाई दिए। उन्होंने स्कूल के कराटे शिक्षिका प्रिया कुमारी का प्रशंसा किया, जिन्होंने कड़ी मेहनत कर विद्यालय के बच्चो को कराटे का दक्ष दे रही है। इधर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार बताते है कि आइलेक्स पब्लिक स्कूल की नींव विद्यार्थियों के चहुमुंखी विकास को लेकर रखी गयी है। विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य रहा है कि बच्चें न सिर्फ किताबी ज्ञान बल्कि उन्हें नैतिक शिक्षा और समाज में आदर्श नागरिक बनने की हर योग्यता सिखाई जाए ताकि वह देश के किसी राज्य में जाए तो अपना मुकाम हासिल करें।

### अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त

**दारु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी ने 5 अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया। इस संदर्भ में डीएसपी ने बताया कि मुझे गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिदिन कई ट्रैक्टरों द्वारा अवैध तरीके से बालू कारोबार हो रहा है इसे लेकर मैं भ्रमण में निकली जिसमें पांच बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर थाने लाई हूं जिसमे से दो ट्रैक्टर का नंबर भी नहीं है इसे आगे संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। सूचना एकत्र कर ट्रैक्टर एवं उसके संचालक पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## सूर्यदेव की प्रतिमा की निकाली गई शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्राचीन छठ घाट बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट स्थित नवनिर्मित सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य देव की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को सूर्य प्रतिमा की शोभा यात्रा नगर भ्रमण कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु भगवा झंडा लेकर जय श्री राम और जय सूर्य देव का नारा लगाकर बरही के चारों मार्गों का भ्रमण किया और पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान युवतियां बच्चे भक्ति रस में झूमते और थिरकते नजर आए। जगह-जगह रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों में माथा टेका। नगर भ्रमण कर वापस लौटने के बाद यज्ञ समिति के द्वारा महाभंडारा का भी आयोजन किया गया।

## डहरभंगा पंचायत सचिवालय में लगा मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** झारखंड राज्य मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के निर्देशानुसार पंचायतो में मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन लाभान्वित योजना 50 वर्ष के अनुसूचित जनजाति (S T) और अनुसूचित जाति (S C) महिलाए को दिया जाना है और अत्यंत पिछड़ा जाति (OBC), सामान्य (GEN) जाति वर्ग के 60 वर्षीय महिला पुरुष लाभुकों का 21 फरवरी 2024 को आवेदन जमा लिया गया। जिसे लेकर टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत में कर्मीयो को प्रतिनियुक्ति कर शिविर लगाया गया। डहरभंगा पंचायत भवन प्रांगण में पंचायत कि स्थानीय मुखिया रेखा देवी पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे तथा बीएलओ की उपस्थिति में 84 आवेदन जमा लिया गया। शिविर में लाभुको ने स्थानीय मुखिया रेखा देवी और पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे के हाथों में आवेदन दिया। शिविर में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचायत के वार्ड सदस्य, पसंस, मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव समेत अन्य कई समाज सेवी जुटे थे।

## जानिसार आलम जेबीकेएसएस के जिला संयोजक बने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने पार्टी का विस्तार किया। जिसमें बड़कागांव निवासी जानिसार आलम को जिला मंडली का संयोजक बनाया गया है। मौके पर कई लोगों ने जानिसार को बधाई दिया है। जानिसार आलम ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को धन्यवाद देता हूं तथा पार्टी जो भी जिम्मेवारी मुझे दी है, उसका इमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सोनू इराकी, मो इब्राहिम, आजाद हुसैन, राकेश मेहता, मो तारिक, विकास महतो, संदीप कुमार सिंह, अशोक महतो, अफसर रजा सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## एसडीओ ने बरही चौक पर जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर की बैठक, बस स्टैंड का भी किया भौतिक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही चौक पर लग रहे जाम को निजात दिलाने के लिए बरही एसडीओ जोहन टुडू ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में एसडीपीओ नौशाद आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार एवं सीओ रामनारायण खलको समेत कई अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बरहीवासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए गहन चर्चा की गई। बैठक के पश्चात एसडीओ समेत सभी अधिकारियों ने बस स्टैंड का भौतिक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान एसडीओ बस स्टैंड में क्या - क्या कमी है, उससे भी अवगत हुए। उन्होंने कहा की बरही में बने बस पड़ाव में मात्र एक ही द्वार है और उसी से सभी वाहनों को प्रवेश और निकासी भी करनी होगी जो सबसे बड़ी परेशानी है। अगर प्रवेश और निकासी के लिए अलग - अलग द्वार बनाया गया होता बेहतर होता। हालांकि फिर भी बस स्टैंड को चालु करने का प्रयास युद्धस्तर पर जारी रहेगा। विदित हो की बरही में लगातार लग रहे जाम की समस्या अब नासूर बन गई है। बरही के चारो मुख्य सड़कों पर हो रही जाम की समस्या से मुक्ति नही मिल पा रही है। प्रतिदिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बरही का कोई ऐसा सड़क नही है जहां जाम की समस्या से लोग परेशान ना हो। ज्ञात हो की जाम का मुख्य कारण दो पहिया वा चार पहिया वाहनों का खड़ा करना है।

## रोहित कुमार ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी हजारीबाग का पदभार ग्रहण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय,हजारीबाग के नवपस्थापित डीपीआरओ रोहित कुमार (झा.सू.से.) ने बुधवार को अपना प्रभार ग्रहण किया। निर्वतमान डीपीआरओ पंचानन उरांव ने नए डीपीआरओ को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। श्री उरांव ने प्रभार के आदान प्रदान के उपरांत भावुक होते हुए बतौर डीपीआरओ अपने कार्यकाल को कभी न भूलने वाला सुखद पल बताया। उन्होंने कार्यालय कर्मियों के निरंतर सहयोग की सराहना की तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इससे पूर्व निवर्तमान एवं नवपदस्थापित डीपीआरओ उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की तथा प्रभार ग्रहण करने की औपचारिकताओं की जानकारी दी। उपायुक्त ने भी इनके द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की एवं इनके उच्चतम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी,साथ ही डीपीआरओ रोहित कुमार को प्रभार ग्रहण करने की बधाई भी दी।

## लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश मंत्री ने स्वास्थ्य उपकेंद्र बादम का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू ने बादम उप स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव का जायजा लिया और पाया कि यहां पर जनता की चिकित्सा व्यवस्था बिल्कुल नहीं के बराबर है। अस्पताल में मुख्य रूप से न हीं ब्लड जांच, पेशाब जांच, एक्सरे की सुविधा नहीं है। किसी भी प्रकार का प्लास्टर की सुविधा है। गायनी विभाग में किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं है सिर्फ एक बेड है। जांच में पाया कि वहां पर डॉक्टर भी उपस्थित नहीं थे। सिर्फ एक नर्स, दो सफाई कर्मी, एक गार्ड उपस्थित थे। ऐसी स्थिति में अगर किसी भी प्रकार का दुर्घटनाग्रस्त मरीज आता है या कोई गर्भवती महिला आती है तो वहां पर किसी भी प्रकार का इलाज की सुविधा नहीं है। मरिज दम तोड़ने पर मजबूर हो जाएगा। सरकार सिर्फ अस्पतालों के नाम पर खानापूर्ति करने का काम कर रही है।

## कांग्रेस का मकसद सत्ता हासिल करना नही बल्कि लोकतंत्र को बचाना है : आशीष सहाय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी :** बूधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित चंदावा टोंगरी में बीएलए बनाने को लेकर कांग्रेस का प्रखंडस्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता मे बैठक हुई। इस मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पौत्र आशीष सहाय ने कहा कि भाजपा धर्म व झूठ की बुनियाद पर आज दस वर्षो से सत्ता पर बैठी है। कांग्रेस का काम धर्म की राजनीति नही। बल्कि साम्प्रदायिक सौहार्द व जनहित राजनीति करती है। उन्होने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीति धर्म के नाम पर सत्ता हासिल करना नही। बल्कि लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। ताकि भावी पीढ़ी को जीने की राह आसान हो सके। बैठक को सम्बोधित कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भाजपा के मुंह में राम राम है और दिल में नाथू राम है। उन्होने प्रखंड व पंचायत अध्यक्ष व सचिव को प्रखंड में बूथ मैनेजमेंट को दुरुस्त करने व बीएलए के गठन कर चयनित सूची को शीघ्र जिला कांग्रेस कार्यालय में उपलब्ध कराने की बात कही। इधर ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु देवी ने कहा कि भाजपा के काल में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। हमे सत्ता परिवर्तन कर लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। आगे कहा कि आज देश को भाजपा मुक्त सरकार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। कार्यक्रम को जिला महिला अध्यक्षा बेबी देवी, संगीता देवी, जिला महासचिव असगरी अंजुम, डांटो मुखिया कुवांरी बखला, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, राजकिशोर सिंह, विनोद कुशवाहा, मनोज मोदी, प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव सहित अन्य ने कांग्रेस के सांगठनिक मजबूती पर जोर देते हुए आगामी चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन व रिकार्ड मतो से से जीत सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर आयोजित वनभोज कार्यक्रम का लुत्फ उठाया गया। इस मौके पर इंद्रदेव यादव, मो. रेयाज, एलेन टोप्पो, रामकुमार पटेल, अजय राणा, बाबर अंसारी, आफताब खान, मुखिया अनवारूल हक, अनुज सिंह, अमृतेश रंजन, प्रवीन पांडेय, तूफानी, हैदर आजाद सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता व विभिन्न पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे।

## आरोग्यम अस्पताल के आई केयर में आंखों की जांच व मोतियाबिंद शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले का सबसे सर्वश्रेष्ठ आरोग्यम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लोगों को अपनी सुविधा परिपूर्ण उपलब्ध करा रहा है, इसी बीच आंखों की इलाज से जूझ रहे मरीजों के लिए आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में विभिन्न लगाया जा रहा है इसी शिविर के बीच बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आई केयर सेंटर में आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 बजे तक चला। यह शिविर निःशुल्क थी, इस बीच 100 से भी अधिक मरीज का इलाज किया गया जिसमें कई बुजुर्ग मरीज शामिल थे। आगे की इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से सभी का इलाज किया जाएगा। रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विवेक कुमार के द्वारा सभी का इलाज किया गया। डॉ विवेक कुमार पिछले कई दिनों से हजारीबाग जिलेवासियों की सेवा में तत्पर है। मौके पर आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता की देखभाल तथा सुनिश्चित स्वास्थ्य लाभ देने के लिए अस्पताल तत्पर हैं। पिछले कई महीनो से लगातार ग्रामीण इलाकों में आंखों का जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी बीच बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आई केयर सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से भी अधिक मरीजों ने लाभ लिया यह शिविर आगे भी निरंतर रूप से लगाया जाएगा। मौके पर डॉ विवेक कुमार के टीम के साथ न. टेकनियान विकास कुमार, निशा कुमारी, नार्शिंग स्टाफ रुखसाना,सुमन,गणेश कुमार, ललीता कुमारी, माकेटीग एवस्कुटीक राजिब फैर्जा, मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## रांची में झामुमो उपवास महा धरना में कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए संजीव बेदिया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ रांची स्थित मोराबादी मैदान में आयोजित उपवास महा धरना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारीबाग जिले से भारी संख्या में झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और आंदोलन को मजबूती प्रदान किया। इस दौरान केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, बड़कागांव प्रखंड झामुमो अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह ने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ रांची उपवास महा धरना आंदोलन में शामिल हुए। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि जब तक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आते हैं तब तक हम लोग होली, रामनवमी कोई भी त्यौहार नहीं मनाएंगे। जिस दिन हमारे नेता हेमंत सोरेन जेल से बाहर आएंगे उसी दिन हम सभी लोग त्यौहार को मनाएंगे। संजय सिंह ने कहा जितना भी हमारे नेता को प्रताड़ित किया जाएगा उतना ही झारखंड के लोगों में जुनून होगा और आने वाला दिन में इसका जवाब कंधे से कंधे मिलाकर लोग देंगे। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, मोहन सोरेन, शंकर साव, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो नंदकिशोर भुइयां, मो हेशाम, मो तनवीर, मोती भुइयां, गणेश राम, सुनील राम, नरसिंह तुरी सहित सैकड़ो महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए।

## चलंत ईवीएम वाहन से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार, 80 पार अभियान के तहत लोकतंत्र के महापर्व में शत् प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान किये जाने के प्रति जागरूक करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर केरेडारी प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर ईवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन को भेजा रहा है। जहां मतदाताओं को ईवीएम मशीन कैसै कार्य करती है और कैसे मतदान करना है से संबंधित प्रकिया की जानकारी सभी मतदाताओं को दिया जा रहा है। जागरूकता अभियान के पहले दिन बुधवार को प्रखंड के दुरस्त मतदान केंद्र मनातू, बकचोमा और गोपदा स्थित मतदान केंद्रों पर ईवीएम प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जबकि पचड़ा, नवाखाप, बुकरु, भदईखाप, पेटो और सायल में 22 फरवरी को, चट्टी बरियातू , पगार,जोरदाग,तरहेसा, बालेदेवरी में 23 फरवरी को, बेंगवरी, बसरिया, हेवई, पहरा, जमीरा, बेलतू में 26 फरवरी को, कंडाबेर, सिरमा, पतरा खुर्द, बारियातू, गर्रीखुर्द, देवरिया खुर्द में 27 फरवरी को, गर्रीकला, कोदवे, पतराकला में 28 फ़रवरी को, बेला, कराली, केरेडारी, केमो, कौलैश्वर बागी में 29 फरवरी को, जोको, सलगा, कुठान, नीरी, बुंडू, किरीगडा में 01 मार्च को वहीं खपिया, बटुका, हेंदेगीर, लोहरसा, पताल और कोले मतदान केंद्र पर आगामी 02 मार्च 2024 को ईवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। आगामी आम चुनाव में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने झारखंड का मतदान प्रतिशत 80 प्रतिशत से पार का लक्ष्य रखा है। इस निमित्त एक एक मतदाता को चुनाव पूर्व मतदान के प्रति और मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि शत् प्रतिशत मतदाता मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर पहूंचकर मतदान में भाग ले सके। इस जागरुकता अभियान के दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सुरेश प्रसाद मेहता, सभी मतदान केंद्र के बीएलओ सहित सैकड़ों मतदाता और ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अतिक्रमण मुक्त किए जाने की नोटिस दुकानदारों को मिलने के बाद, दुकानदारों से मिलने पहुंचे सांसद

## बरकाकाना में रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस व चैनपुर स्टेशन में शक्तिपुंज एक्सप्रेस का होगा ठहराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत बरकाकाना स्टेशन को 32 करोड़ की लागत से विश्व स्तरीय स्टेशन बनाए जाने की कवायद रेल विभाग द्वारा तेज कर दी गई है। जिसके तहत बरकाकाना रेल अधिकारियों द्वारा रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान व मकान बना कर रहने वाले लोगों को दूसरे चरण का नोटिस थमा दिया गया। जिन दुकानदारों की दुकान बंद थी? उन दुकानों के दिवारो मे नोटिस चस्पा कर दी गई। जिसके तहत दुकानदारों की रेलवे की जमीन को अतिक्रमण



मुक्त किए जाने को लेकर एक सप्ताह का समय अवधि दिया गया है। दुकानदारों द्वारा इसकी जानकारी हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को दिया गया। जानकारी मिलते ही सांसद जयंत सिन्हा बरकाकाना पहुंचे। जहां दुकानदारों द्वारा सांसद को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। दुकानदारों द्वारा विस्तार पूर्वक अपनी समस्याओं से अवगत करते हुए कहा कि हम सभी दुकानदारों का जीविकोपार्जन किए जाने का यही एकमात्र साधन है। पिछले 50 वर्षो से हम लोगों द्वारा उक्त स्थान पर दुकान व मकान बनाकर अपनी जीविका चला रहे हैं।इस दौरान बरकाकाना के मंडल परिचालन प्रबंधक कुमार अंकित व सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद उपस्थित रहे। दुकानदारों कि समस्याओं की प्रति मंडल परिचालन प्रबंधक कुमार अंकित द्वारा कहा गया कि मानवीय संवेदना दुकानदारों के साथ हमेशा बनी रहेगी। जबकि सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद ने भी दुकानदारों को भरोसा देते हुए कहा कि नोटिस दिया जाना रेलवे की अपनी एक प्रक्रिया है। जिसे पूरा किया जा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा ने लोगों को सांसद रतन चुने जाने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान लोकसभा क्षेत्र की सभी लोगों के प्रति सम्मान है। उन्होंने बताया कि रांची से वाराणसी जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का बरकाकाना में भी ठहराव होगी। इसके साथी शक्तिपुंज एक्सप्रेस का चैनपुर स्टेशन में भी ठहराव होने की बात कही गई। उन्होंने दुकानदारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव तक किसी भी तरह से दुकानदारों को नहीं हटाया जाएगा। दुकानदारों को हटाने से पूर्व उन लोगों को जीविका के लिए ठोस साधन की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के 370 सीटों का लक्ष्य को पूरा करने का वादा कराया गया। मौके पर नारायण चंद्र भौमिक, प्रोफेसर संजय कुमार, स्टेशन प्रबंधक पीके गांगुली, आरपीएफ पोस्ट बरकाकाना के आरक्षी निरीक्षक कृष्णा पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, रंजीत पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अदीश्वर ऑटो राईड इंडिया ने हज़ारीबाग में खोला 'मोटो वॉल्ट' सुपरबाईक शोरूम

**हज़ारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपनी प्रीमियम मोबिलिटी पेशकश का विस्तार करते हुए महावीर ग्रुप की कंपनी अदीश्वर ऑटो राईड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एएआरआई) ने अपने नए वेंचर मोटो वॉल्ट का लॉन्च किया है, जिसका हज़ारीबाग में मल्टी-ब्राण्ड सुपरबाईक फ्रैंचाइज़ है। हर उपभोक्ता को सुपरबाईक का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए देश भर में कई टच-पॉइन्ट्स खोलने की प्रतिबद्धता के तहत कंपनी ने यह घोषणा की है। मेसर्स डीपीएम ऑटोमोबाइल्स के बैनर तले यह नया शोरूम नेशनल हाईवे स्थित सिंदूर मेरावल में खोला गया है। शोरूम में मोटो मोरिनी, ज़ोन्टेस और क्यूजे मोटर सहित सुपरबाइकों की ग्लोबल रेंज को डिस्प्ले किया गया है।आने वाले समय में एएआरआई ने अपने मल्टी-ब्राण्ड फ्रेंचाइज़ के माध्यम से कई विश्वस्तरीय ब्रांड्स पेश करने की योजना बनाई है। इन आउटलेट को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह आधुनिक सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर्स पार्टस के साथ-साथ परिधानों एवं एक्सेसरीज़ की एक्सक्लुज़िव रेंज को भी प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास झबख ने कहा कि हम अपने उपभोक्ताओं के साथ मजबूत रिश्तों के माध्यम से उन्हें उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाते हुए हमें गर्व है कि हम हज़ारीबाग में मल्टी-ब्राण्ड सुपरबाईक फ्रैंचाइज़- मोटो वॉल्ट का लॉन्च किया गया है। यह लॉन्च हमारे उपभोक्ताओं को प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज, सेल्स एवं सर्विस सपोर्ट उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाता है। देश भर में मोटो वॉल्ट शोरूमों के लॉन्च के साथ हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सुपरबाईक प्रेमी विश्वविख्यात ब्राण्ड्स एवं अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स का प्रत्यक्ष अनुभव पा सकें। नई डीलरशिप के उद्घाटन पर बात करते हुए दामोदर प्रसाद, डीलर प्रिंसिपल ने कहा कि मोटो वॉल्ट इंडिया के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।



## किसान मजदूर संघ पुरानी डेली मार्केट द्वारा सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को किसान मजदूर संघ पुरानी डेली मार्केट रामगढ़ कैंट के द्वारा हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत रामगढ़ शहर के सुभाष चौक में किया गया। संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद एवं सचिव घनश्याम महतो के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया साथ ही संघ के उपाध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा वरिष्ठ सदस्य बलराम प्रसाद कुशवाहा राजकुमार कुशवाहा संदीप कुमार के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया संघ के द्वारा सुभाष चौक में सांसद जी को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करते हुए सभी के बीच लड्डू बांटा गया। सांसद के स्वागत में किसान मजदूर संघ के सभी दुकानदार एवं सदस्य एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित थे जो की सावन कुमार राजेश कुमार संतलाल महतो टिंकू कुमार पिंटू कुमार कपिल कुमार जगदीश महतो मिथिलेश कुमार निर्मल महतो सुरेंद्र महतो श्याम नंदन सिंह भोलाराम अमित कुमार गोपाल महतो जितेंद्र साहू उमेश शाह रोहित महतो रंगीला सोनकर अंकित कुमार लच्छू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।




## हेवी ब्लास्टिंग एवं सेल के मुद्दे को लेकर ग्रामीण आक्रोशित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिरका में बुधवार को एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिला महासचिव समसूद खान ने किया। इस अवसर पर ग्रामीण सीसीएल प्रबंधक से काफी आक्रोशित थे। समसुद खान ने कहा कि सिरका लोकल सेल में मजदूरों की समस्या नजर अंदाज किया गया। जिस पर प्रशासन भी मौन है, जब तक कांग्रेस पार्टी में भागीदारी नहीं मिलेगी सेल में मजदूरों का अधिकार नहीं मिलेगा। सिरका प्रबंधक कोलियरी में हर दिन हैवी ब्लास्टिंग कर रही है। जिससे अगल-बगल के गांव कै काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रबंधक हैवी ब्लास्टिंग करेगा मुआवजा देकर गांव को खाली कराए। इस तरह का मनमानी हम लोग नहीं सहेंगे। फिलहाल हमलोग आंदोलन में है 6 दिनों के अंदर सेल को बंद करेंगे। जब तक मजदूरो का अधिकार और भागीदारी न मिल जाए।



## अमर शहीद जगदेव प्रसाद जन जागरण अभियान रथ का रामगढ़ में स्वागत किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमर शहीद जगदेव प्रसाद जन जागरण अभियान रथ का रामगढ़ में कुशवाहा विकास समिति शाह कुशवाहा भवन +धर्मशाला) में हर्षोउल्लास पूर्वक स्वागत किया गया। अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर पर 2 फरवरी को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अभियान रथ बिहार झारखंड के विभिन्न स्थान से होते हुए रामगढ़ में आगमन हुआ । अमर शहीद जगदीश प्रसाद ने सामाजिक न्याय को स्थापित करने हेतु जो आंदोलन की शुरुआत की थी उनकी प्राथमिकता हमेशा कायम रहेगी । उन्होंने पिछड़े वर्ग की दलित शोषित आदिवासी मूलवासी उपेक्षित वर्ग के उथान हेतु जो लो जलाया उसे कभी बुझने नहीं दिया जाएगा।कुशवाहा समाज भारत सरकार से मांग करती है कि अमर शहीद जगदीश प्रसाद को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। साथ ही अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जीवनी संबंधित स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस स्वागत करने वालों में भोलानंद प्रसाद जानकी महतो चमन महतो राजकुमार कुशवाहा बलराम प्रसाद कुशवाहा तुलसी प्रसाद कुशवाहा घनश्याम महतो पंकज कुमार विक्रम प्रसाद कुशवाहा भीम कुमार कुशवाहा रवि कुशवाहा अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा आदि उपस्थित थे।



## सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनिता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों पर चर्चा की गई। जिसके उपरांत माननीय सांसद के द्वारा मिशन अमृत सरोवर एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायतों में बनाए गए खेल मैदाने की जानकारी ली गई। माननीय सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उन्हें ठीक करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा गया जिस पर सांसद ने जनप्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष, रामगढ़ में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई।इस दौरान सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा, विधायक रामगढ़ सुनिता चौधरी, अन्य विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सांसद, विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान माननीय सांसद द्वारा डीएमएफटी के तहत जिले के सभी पंचायतों में योजनाब्द्ध तरीके से सामुदायिक भवन निर्मित करने को लेकर चर्चा के क्रम में शुरुआती चरण में 40 पंचायतो में सामुदायिक भवन स्थापित करने को लेकर विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।न्यास परिषद की बैठक के दौरान डीएमएफटी के माध्यम से जिले में ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर, गैर मजरूआ भूमि को अतिक्रमण से बचाने के उद्देश्य से वायर फेंसिंग, बिजुलिया तालाब रामगढ़ में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने एवं तालाब को पार्क के रूप में विकसित करने, आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार, गैर सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में संचालित करने सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्णय लिए गए। इसके साथ ही रामगढ़ शहरी क्षेत्र में लोगों के लिए पार्क स्थापित करने पर भी बैठक में चर्चा की गई। इन सबके अलावा बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उनके न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर माननीय सांसद, माननीय विधायक, उपायुक्त एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए वहीं बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा।

## भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा सांसद महारत्न जयंत सिन्हा का भव्य स्वागत किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद महारत्न मिलने की खुशी में बुधवार सुभाष चौक पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के अध्यक्ष शिव कुमार महतो के नेतृत्व में सांसद महारत्न जयंत सिन्हा का भव्य स्वागत किया गया। हजारीबाग क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा का रामगढ़ के सुभाष चौक पहुंचने पर रामगढ़ कैंट मंडल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए तथा माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया । कैंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने बताया कि जयंत सिन्हा अनेक में एक सांसद है जिन्हे महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मू ने भी उनकी पूरे कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा की है । कैंट मंडल की ओर से उन्हें बधाई देते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरवान्वित दिन बताया। सभी ने कहा कि गर्व है कि हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा विश्व का सबसे ताकतवर नेता हैं तो वहीं जयन्त सिन्हा जैसा सांसद। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर ,फटाका फोड़, कर



मिठाई खिलाकर, हजारों की संख्या में उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने सभी रामगढ़ वासी को धन्यवाद एवं आभार जताया है कि उनके ही प्यार के बदोलत उन्हें यह सम्मान मिला है।इस भव्य कार्यक्रम में मंडल के महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव ने भी पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया ।मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, राजू चतुर्वेदी, रंजन फ़ौजी ,प्रकाश मिश्रा रंजीत पांडे रविंद्र शर्मा नमेंदर चंचल डाक्टर संजय सिंह, मनोज जायसवाल मनोज सिन्हा, सुशांत पांडे, शीतल सिंह, अभिषेक चौधरी ,अजीत गुप्ता, विजय पाठक , मिथिलेश मंडल, सुबोध सिंह , महेश चौधरी जगदीश शर्मा सुरजीत सिंह छाबड़ा , विनोद राम, तरुण साव, सत्यजीत सिंह,राजेश ठाकुर, श्रवण कुमार, बबलू कुशवाहा अमर भारती, नीतीश कुमार,सुमित अग्रवाल, राजेश सोनी सहित कई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।

## प्रधानमंत्री करेंगे पतरातू रोड ओवर ब्रिज का ऑनलाइन शिलान्यास : महेंद्र महतो

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू मेन रोड रेलवे फाटक के बंद होने से जाम के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके वज़ह से लोग अपने कार्य स्थल पर सही समय नहीं पहुंच पाते है। लेकिन अब क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ अन्य जिलों के लोगों को जल्दी ही इस जाम से निजात मिलने वाली है। बहुत जल्द पतरातू रेलवे फाटक के समीप रोड ओवर ब्रिज का निर्माण होने जा रहा है। जिसका शिलान्यास 26 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमल द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा सासंद जयंत सिन्हा उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। महतो ने आगे बताया कि पतरातु रोड ओवर ब्रिज का निर्माण क्षेत्रीय सासंद की अनुशंसा पर रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत दे दी गई है। जिसकी लागत लगभग 66 करोड़ हैं। इस ब्रिज के बनने से पतरातू,रांची, भुरकुंडा,उरीमारी,हजारीबाग, बड़कागांव और केरेडारी से आगमन करने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी साथ ही साथ कोयलांचल के अलावा औद्योगिक क्षेत्र भी लाभान्वित होंगे।




**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड (राँची)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी**

**आम सूचना**

सभी सबंधित चयनित लाभुकों/पशुपालकों/पशु विक्रेताओं/दुग्ध उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी–सह–कार्यशाला आयोजन किया जाना है। जिसमें गव्य विकास योजनाओं के प्रचार–प्रसार एवं चयनित लाभुकों के बीच पशु वितरण एवं उनके ज्ञान सवर्धन के लिए दिनांक – 23.02. 2023 को जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी परिसर में 11:00 बजे पूर्वाहन में आयोजित कि गई है।

गौ–पालन से सम्बंधित पशु नस्ल, डेयरी फार्मिग, दुग्ध उत्पादन को प्रभावित करने वाली प्रमुख बिमारियों, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं मिलावट के प्रकार तथा चारा प्रबंधन एवं चारा संरक्षण से संबंधित प्रदर्शनी में विस्तृत जानकारी उपब्लध करायी जायेगी।

अतः आप सभी सबंधित चयनित लाभुकों/पशुपालकों/पशु विक्रेताओं/दुग्ध उत्पादकों से अनुरोध है, कि दिनांक – 23.02.2023 को कार्यशाला में उपस्थित होकर गौ–पालन करने हेतू लाभ उठाएँ।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
खूँटी

PR 319813 Agriculture(23-24).D



Annexure-1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**अतिअल्पकालीन ई०निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 10/2023-24
Date :- 21/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Sandhoi Nala, Near Chopadaru Block-Gola, Dist-Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 56.517 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 26/02/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 02/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 02/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 04/03/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 319894 (Minor Irrigation) 23-24 (D)



**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/31/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खूँटी | सदर अस्पताल खूँटी में Integrated Public Health Lab (IPHL) की स्थापना | 9368508.00 | 188000.00 | 10000.00 | 07 माह |
| 2 | खूँटी | खूँटी जिला अन्तर्गत पुराना जिला परिषद भवन में जलापूर्ति की व्यवस्था एवं आवश्यक मरम्मति कार्य। | 376760.00 | 8000.00 | 750.00 | 01 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 23.02.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 01.03.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 01.03.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 04.03.2024 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 319903 (District) 23-24 (D)



**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी**

आम सूचना राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना
दिनांक 09–03–.2024
स्थानः– व्यवहार न्यायालय परिसर, खूँटी निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के द्वारा व्यवहार न्यायालय, खूँटी के प्रागंण में दिनांक 09–03–2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त अवसर पर निम्नलिखित मामलों की निपटारा सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | सभी प्रकार के दिवानी मामले | 2 | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| 3 | सुलहनीय अपराधिक मामले | 4 | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| 5 | बैंक सर्टिफिकेट केस | 6 | वन विभाग से संबंधित मामले |
| 7 | चेक बाउन्स से संबंधित मामले | 8 | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 9 | श्रम संबंधित मामले | 10 | वैवाहिक पारिवारिक मामले |
| 11 | भू – अधिग्रहण से संबंधित मामले | 12 | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| 13 | राजस्व संबंधित मामले | 14 | अन्य सुलहनीय मामले |
| 15 | खनन संबंधित मामले | 16 | दुरभाष संबंधित मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर अथवा दूरभाष सं0 8789697778 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

(अमन कुमार)
पुलिस अधीक्षक,खूंटी–सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

(लोकेश मिश्रा)
उपायुक्त,खूंटी–सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

(सत्य प्रकाश)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
राजश्री अर्पणा कुजूर सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

PR 319874 (Law)23-24*D

## बीसीसीएल आउटसोर्सिंग में बमबाजी

### बाल- बाल बचा ट्रिपर ऑपरेटर, जांच मे जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग डंपिंग यार्ड पर मंगलवार की रात अपराधियों ने बमबाजी की है। इस बमबारी की घटना में ट्रिपर वाहन का ड्राइवर बाल-बाल बच गया। चलती गाड़ी के केबिन में अपराधियों ने बम फेंका था। गनीमत रही कि गाड़ी आगे बढ़ गयी और बम डाला पर जा लगा। यदि केबिन में बम गिरा होता तो शायद किसी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद आउटसोर्सिंग में काम करने वाले कर्मियों में दहशत का माहौल है। कर्मियों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन से सुरक्षा की गुहार लगायी है। बमबारी की घटना जिले के पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक 17 नंबर में संचालित बीसीसीएल के लिए कोयला उत्पादन करने वाली एसटीजी आउटसोर्सिंग कंपनी के डंपिंग यार्ड के पास हुई। देर रात अज्ञात अपराधियों ने कंपनी की गाड़ी पर बम से हमला कर दिया। हालांकि, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कर्मचारी फिरोज खान ने बताया कि घटना के बाद मामले की जानकारी आउटसोर्सिंग के सुपरवाइजर को दी गयी। सुपरवाइजर ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। वहीं पुटकी थाना की पुलिस का कहना है कि बमबाजी की घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थे। मौके से बम की जली हुई सुतली मिली है। किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। आउटसोर्सिंग प्रबंधन की तरफ से अब तक लिखित शिकायत नहीं मिली है। लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### आधा दर्जन से भी अधिक लोगों की तबियत अचानक बिगड़ी

## कुंआ में जहर डालने का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला के अहलियापुर थाना अंतर्गत भदवाखुर्द गांव में मंगलवार की रात एक ही परिवार के महिलाओं और बच्चों समेत करीब आधा दर्जन से भी अधिक लोगों की तबियत अचानक बिगड़ गई. आनन फानन में सभी को इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल लाया गया. जहां सभी का इलाज चल रहा है. घटना को लेकर पीड़ित परिवार के सदयों ने गांव के कुछ लोगों पर कुंआ में जहर डालने का आरोप लगाया है. इस संबंध में पीड़ित परिवार का कहना है कि पुराने विवाद के कारण कुंआ में जहर डाल दिया गया. कुंआ का विषाक्त पानी पीने के कारण परिवार के सदस्यों की तबियत बिगड़ गई. इस बाबत पीड़ित बद्री यादव और उनके परिवार वालों ने बताया कि 17 फरवरी को छठियारी कार्यक्रम के दौरान नाई को बुलाने की बात पर गांव के ही यमुना सिंह, मांझो सिंह, रवि हजाम समेत ग्यारह लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था. मारपीट की घटना में बद्री यादव, बेटा सुनील यादव, सुरेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे. घायल लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भारती कराया गया था. बताया कि परिवार के पुरुष सदस्य अस्पताल में भर्ती थे. तभी मंगलवार की रात को फोन पर महिलाओं और बच्चों के अचानक बीमार होने की सूचना मिली. पीड़ित परिवार के लोगों ने मारपीट करने वाले लोगों पर ही कुंआ में जहर डालने का आरोप लगाया है।

## झारखंड सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएंगे : सद्दाम हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने वार्ड संख्या 18 शमशेर नगर में कैंप लगाकर झारखंड सरकार द्वारा दी जा रही मुख्यमंत्री राज्य पेंशन योजना के तहत सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों को योजना से जुड़ा। सद्दाम हुसैन ने बताया झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना खासकर महिलाओं के लिए वरदान है। इस योजना से पूरे झारखंड प्रदेश में महिलाओं को सम्मान के रूप में ?1000 प्रति माह झारखंड सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर एससी-एसटी पुरुषों को भी जीवन अर्पण करने में सहयोग मिलेगा और झारखंड की कल्याणकारी योजनाओं को हर एक घरों तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है।

## गिरिडीह : सड़क हादसे में महिला की मौत

### आक्रोशित लोगों ने गिरिडीह-रांची मुख्यमार्ग किया जाम



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग के कठवारा-बराकर चेकनाका के पास मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव के साथ गिरिडीह-रांची मुख्यमार्ग को पीरटांड़ प्रखंड कार्यालय के समीप जाम कर दिया है.मौके पर पुलिस पहुंच कर लोगों को समझाने में लगी है बता दें कि मंगलवार को सीएम चंपई सोरेन गिरिडीह पहुंचे थे. सीएम के कार्यक्रम में शमिल होने के लिए पीरटांड़ के पांडेयडीह से जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाएं ऑटो में सवार होकर गिरिडीह जा रही थी. इसी दौरान चेकनाका के समीप ऑटो दुर्घनाग्रस्त हो गयी जिसमें कई महिलाएं घायल हो गयी थी. दुर्घटना में एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी है. मृतका पांडेयडीह निवासी कुमारी देवी थी. घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया है. इधर सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद पीरटांड़ बीडीओ व थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया गया।

## लव मैरिज से उत्पन्न हुए झगड़े में युवक के साथ हुई मारपीट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत झगरी निवासी आशीष कुमार पांडे को कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। यह घटना बुधवार का है, इसका इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में चल रहा है। बताया गया कि सुरेश पांडेय का पुत्र राहुल पांडे पड़ोस में ही रहने वाली एक युवती से कुछ महीना पहले ही प्रेम विवाह हुआ था। उसी दिनों से दोनों परिवारों में विवाद हुवा चल रहा था लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप से मामला सुलझा लिया गया है। बताया गया कि राहुल पांडे की मां और उसका छोटा भाई आशीष पांडे टोटो से कही गये थे वहां से घर लौट रहा था। तभी लड़की के घर वालों ने इन लोगों के साथ मारपीट कर दीया और टोटो में भी तोड़ फोड़ किया। घटना में आशीष घायल हो गया, घायल अवस्था में आशीष को सदर अस्पताल लाया गया। मारपीट का आरोप उन्होंने विक्रम कुमार गुप्ता, अमन चौरसिया, विष्णु कुमार गुप्ता, बिट्टू विश्वकर्मा, शंकर गुप्ता, नीरू देवी इत्यादि पर लग रहा है।

## पानी की समस्या को लेकर बीसीसीएल के प्रबंधक के खिलाफ होगा जोरदार आंदोलन : मदन राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** धनबाद जिला झरिया विधानसभा लोदना एरिया 10 अंतर्गत बुढीबांध में विशाल पानी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया जिसमें आम आदमी पार्टी द्वारा बीसीसीएल महाप्रबंधक लोदना एरिया 10 को पूर्व में दिए आवेदन पर किसी तरह का वार्ता नहीं होने पर एक रिमाइंडर पत्र महाप्रबंधक के नाम धनबाद उपायुक्त तथा बीसीसीएल सीएमडी को दिया। जिसमें उल्लेखित है कि 5 दिन के अंदर यदि ग्रामीणों के साथ वार्ता नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी के वेनर ताले ग्रामीणों के साथ आंदोलन करेंगे। बैठक के बाद ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधक के खेलाफ़ नारे बाजी की आम आदमी पार्टी जिला महासचिव मदन राम ने कहा बुढिबांध के लोगों के पानी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा बीसीसीएल के प्रबंधक को एक लिखित आवेदन दिया था। लेकिन बीसीसीएल द्वारा अभी तक कोई कार्यवाई नहीं हुई है। पानी के लिए यहाँ के लोग काफी परेशान है। आज ग्रामीणों के साथ एक बैठक की है अगर पांच दिनों के अन्दर बीसीसीएल के द्वारा पहल नहीं की गई तो बीसीसीएल के प्रबंधक के खिलाफ ज़ोरदार आन्दोलन किया जायेगा। बैठक मे आम आदमी पार्टी धनबाद जिला संयोजक अशोक महतो, जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला महासचिव मदन राम, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सनोज तिवारी, साहब शेख, जितेंद्र पासवान, अनवर अंसारी, बलदेव पंडित, गोविंद बाउरी, आकाश बाउरी, विनोद बाउरी, आस्तिक बाउरी, हार्दिक तिवारी, ध्रुव बाउरी, शाहिद अंसारी, साजिदा खातून, मोहम्मद अहमद अंसारी, निसार अंसारी, ऋषभ ओझा, नरेशा खातून, पाक़ीज़ा खातून, शकीला खातून, आयशा खातून, मोहम्मद अंसारी, साजिदा खातून, आसमा खातून, बिजली देवी, मंझियां देवी, शकीला बानो आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रज्वला महिला समिति ने कुष्ठ रोगियों के बीच बांटे राशन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिजुआ डिनोबिली स्कूल में प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र द्वारा 16 कुष्ठ रोगियों तथा विनोद बिहारी कुष्ठ, अस्पताल, तेतुलमारी में नौ रोगियों के बीच सूखा अनाज चावल, दाल, आलू, नमक, साबुन, चूड़ा, गुड़, सर्फ, तेल महिला समिति की अध्यक्ष काकुली राय एवं समिति के सदस्य द्वारा वितरण किया गया। प्रज्वला महिला समिति के सदस्यों को हृदय से धन्यवाद दिया। मौके पर समिति के सदस्य सुनीता सिंह, संगीता धुर्वे, सुनीता राम, बबीता दास, माया सिंह उपस्थित थी।

## उधना से बरौनी और उधना से जयनगर तक एक-एक जोड़ी विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा उधना से बरौनी एवं उधना से जयनगर के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है- 1. गाड़ी सं.09037/09038 उधना-बरौनी-उधना सुपरफास्ट स्पेशल (मोकामा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते)-गाड़ी सं. 09037 उधना-बरौनी सुपरफास्ट स्पेशल 23.02.2024 से 29.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को उधना से 08.35 बजे खुलकर अगले दिन शनिवार को 06.40 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.51 बजे बक्सर 08.38 बजे आरा, 09.35 बजे पटना, 10.20 बजे बख्तियारपुर, 10.36 बजे बाढ़ एवं 11.05 बजे मोकामा रूकते हुए 14.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 09038 बरौनी-उधना सुपरफास्ट स्पेशल 24.02.2024 से 30.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को बरौनी से 17.00 बजे खुलकर 18.10 बजे मोकामा, 18.33 बजे आरा, 18.45 बजे बख्तियारपुर, 20.10 बजे पटना, 21.25 बजे आरा, 22.10 बजे बक्सर एवं 23.10 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए अगले दिन रविवार को 22.00 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे । 2. गाड़ी सं.09039/09040 उधना-जयनगर-उधना स्पेशल(दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-पटना-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते)- गाड़ी सं. 09039 उधना-जयनगर स्पेशल 21.02.2024 से 13. 03. 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को उधना से 20.35 बजे खुलकर अगले दिन गुरूवार को 19.38 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. 20.43 बजे बक्सर 21.34 बजे आरा, 22.25 बजे पटना तथा शुक्रवार को 01.25 बजे बरौनी, 03.10 बजे समस्तीपुर, 04.07 बजे दरभंगा, 05.15 बजे मधुबनी रूकते हुए 06.30 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

## पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई को लेकर झामुमो ने निकाला न्याय मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद के जरुवाडीह पंचायत में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रिहाई को लेकर बुधवार को झामुमो के पार्टी कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च निकाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कू उर्फ टाइगर ने किया। टाइगर ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई को लेकर पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च निकाला जिसमें कार्यकर्ता भारी संख्या में सड़कों पर दिखें। वहीं जरूवाडीह पंचायत के लखनपूर विष्णुडीह डाकबंगला हरिलाडीह बुढियासार खेलवाडीह सहित गांवों में न्याय मार्च निकाला गया। मौके पर नीलकंठ मंडल, मो जाकिर, मंजु मराण्डी, मोतीलाल मुर्मू, सिद्धेश्वर हेम्ब्रोम, विनय मुर्मू, मनोज मंडल, थोमस मराण्डी, रीसा मराण्डी, प्रदीप मुर्मू बनेश मुर्मू टिंकु सहित महिला पुरुष उपस्थित थे ।

## 6 करोड़ की लागत से होगा सड़कों का सुदृढीकरण, विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** बुधवार को सरिया प्रखण्ड झेत्र के केसवारी परसिया, नावाडीह से राजदाह धाम व केसवारी से नरसिंह स्थान के मुख्य सड़कों का सुध्दिकरण को लेकर बगोदर विधायक बिनोद कुमार सिंह ने शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया ।जो लगभग 6 करोड़ की लागत से कार्य होगा ।इस सड़क के जर्जर होने के कारण राहगीरों काफी परेशानी होती थी ।जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों लगातार परेशान थे जिसके बाद विधायक बिनोद कुमार सिंह के अथक प्रयास से इसको पूरा किया जाएगा ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बिनोद कुमार सिंह ने कहा कोरोना काल के समय विकाश की गति जरूर धीमी हुई लेकिन उसके बाद पूरे बगोदर विधानसभा के बगोदर, सरिया, बिरनी मे लगातार विकास के कार्य धरातल पर उतरा है चाहे सड़क हो पुल पुलिया, शिक्षा के झेत्र मे कार्य हो अस्पताल का निर्माण हो इन दिनों लगातार कार्य हो रहा है साथ ही बृद्धा पेंशन अब 50 साल के लोगो को मिलेगा और अबुआ आवास पूरे राज्य मे सबसे अधिक गिरिडीह जिले मे बनेगा बीते दिनों केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास को भी गरीबो को देना बंद कर दिया लेकिन राज्य सरकार वर्तमान समय मे आवास देने का काम कर रही है साथ ही केसवारी अस्पताल निर्माण की जल्द निविदा निकलने वाला है साथ ही चार बड़े पुल का भी निर्माण होगा जिसके निर्माण होने के बाद ग्रमीण सड़क मुख्य सड़कों से जुड़ेगी।


### जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

नयासमाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी, चाईबासारोड, खूँटी– 835210

Email Id- deoofficekhunti@gmail.com

पत्रांक 271/दिनांक21/02/2024

इच्छा की अभिव्यक्ति(EoI)

DMFT योजना मद अंतर्गत 100 उम्मीदवारों के लिए Establishment and Operation of Coaching centre'sforSSC/CGL/IBPS/RAILWAYS/SI in Khunti District, Jharkhand के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति(EoI)सील बंद लिफाफा में दिनांक 22/02/2024 से आमंत्रित की जाती है। इच्छा की अभिव्यक्ति(EoI)की तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सील बंद लिफाफे को एक बड़े सील बंद लिफाफे में स्वीकार किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय खूँटी में प्रस्ताव जमा करने की अंतिमतिथि28/02/2024 अपराह्न03:00बजे तक है। इच्छा की अभिव्यक्ति(EoI)खोलने की तिथि28/02/2024 के अपराह्न 03:30 बजे समाहरणलय सभागार, खूँटी में निर्धारित है। बिना कोई कारण बताए समिति इस इच्छा की अभिव्यक्ति(EoI)को रद्द/वापस/संशोधित करने या अपने विवेकाधिकार पर निर्धारित तिथि को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

इच्छा की अभिव्यक्ति(EoI)की विस्तृत नियम एवं शर्तें जिला के अधिकारिक वेबसाइट WWW.KHUNTI.NIC.IN पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खूँटी

PR 319834 District(23-24)D

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

- :: अति अल्पकालीन निविदा :: -

रामगढ़ जिलान्तर्गत क्रियान्वित सभी योजनाओं को Asset Register में संधारण किये जाने का कार्य किया जाना है। उक्त हेतु दिनांक 04.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक अति अल्पकालीन निविदा जिला योजना कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित की जाती है। दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में चयन समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। तद्नुसार अग्रेत्तर कारंवाई की जाएगी।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, शर्त एवं नियम तथा विशिष्टताएँ रामगढ़ जिले के वेबसाइट/ पोर्टल http://ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है। ह०/–

उप विकास आयुक्त,
रामगढ़

PR 319764 District (23-24)_D

### कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 14/2023–24**

| क्र0 स0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | जिला परिषद डाकबंगला–सह–उप विकास आयुक्त आवास की चाहरदीवारी का निर्माण/जीर्णोद्धार एवं अन्य मरम्मति कार्य | 3522100.00 | 71000.00 | 5000.00 | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **26.02.2024**
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **26.02.2024 से 06.03.2024, अपराह्न 05:00 बजे तक।**
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **09.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।**
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– **जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा।**
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 **9431990319** एवं ई–मेल ddczpkoderma@gmail.com
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता/संवेदक की होगी।
8. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 319849 Panchayati Raj(23-24)#D

### GOVERNMENT OF JHARKHAND

DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE

(Directorate Of Soil Conservation)

Jharkhand Agriculture Machinery testing & Training Center (JAMTTC)

4th Floor Room No. – 403, Krishi Bhawan Kanke Road ranchi-834008

E-mail-edjamttc@gmail.com, Website- www.jamttc.org.

**NOTICE INVITING RE - TENDER**
**FOR SELECTION OF TPAA FOR MECHANIZATION SCHEME**

**Request For Proposal (RFP) For Selection Of Third Party Assessment Agency (TPAA) For Monitoring & Evaluation of State Mechanization Scheme "Distribution Of Agriculture Equipment to Farmers, Women SHG Etc." implemented/ implementing During Financial Year 2020-21 to 2024-25.**

This is to inform that in continuation of previous published PR No 317415 (Agriculture ) 23-24* 31.01.2024 & corrigendum No. PR No. 3179144 (Agriculture ) 23-24* dated 17.02.2024 the last date for submission of proposal has been extended up to 29.02.2024 (4.00pm).the bidder who have applied prior to the above mentioned tender notice need not to apply again.

Executive director (Ag Engg) JAMTTC Ranchi, working under Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative , Govt. of Jharkhand invites Technical and Financial Proposals from consultants to provide services as Third Party Assessment Agency (TPAA) for Monitoring & Evaluation of Schemes implemented/ implementing under the Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative "Distribution of Agriculture Equipment to Farmers, Women SHG Etc." implemented/ implementing During Financial Year 2020-21 to 2024-25. The document can be downloaded from the website https://jamttc.org or https://Jharkhand.gov.in from 31.01.2024, (16.00 hrs) to 20.02.2024 (13.00 hrs) or can be obtained personally from office of JAMTTC, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi during office hour from 11.30 am to 15.30 pm on payment of document fee in shape of required bank draft. The last date for submission of proposal is 29.02.2024 (4.00 pm) only through speed post or by hand. The tentative new date sheet will be as follows.

i. Last date for submission of proposal - 29.02.2024 (up to 4.00 pm)
ii. The date of opening of technical bid - 01.03.2024 (11.30 am)
iii. The date of opening of financial bid (only technically qualified bidders)- 01.03.2024 (11.30 am) or next date as decided by tender committee.

Response to this RFP shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications. This section provides general information about the issuer, important dates and addresses and the overall eligibility criteria for the parties. The RFP/tender document cost of **INR 10,000/-** is to be submitted vide crossed demand bank draft from any Nationalized Bank/ Scheduled Bank in favor of "Executive Director (A Engg) JAMTTC Ranchi" payable at Ranchi. Any exemption in document fee & EMD will be considered as per the norms for only Registered MSEs & may be exempted/relaxed with the provision of "Jharkhand Procurement Policy 2014" or any amendment.

Sd/-
Executive Director (Ag Engg)
JAMTTC Ranchi

PR 319772 Agriculture(23-24).D

चलते चलते एक नजर

## किसानों से खरीदा जाएगा 100 लाख मेट्रिक टन गेहूं : मुख्यमंत्री



**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आगामी माहों में प्रदेश में लगभग 100 लाख मेट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाना है, जिससे लगभग 11 लाख किसान लाभान्वित होंगे। इसके लिये भारतीय खाद्य निगम, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम तथा मार्कफेड से समन्वय कर उपार्जन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें।मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारतीय खाद्य निगम अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। दरअसल, भारतीय खाद्य निगम के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (वैस्ट जोन) दलजीत सिंह तथा महाप्रबंधक विशेष गढ़पाले बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। उन्होंने यहां समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर गेहूं उपार्जन को लेकर चर्चा की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की गुणवत्ता की पुष्टि के लिए विशेषज्ञ, नमी मापक यंत्र, बारदाना सहित अन्य आवश्यक उपकरण की उपलब्धता और किसानों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भारतीय खाद्य निगम द्वारा मध्यप्रदेश से अतिशेष गेहूं का परिदान लेकर कमी वाले राज्यों को भेजने की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## अबुआ आवास योजना में पैसे लेने की शिकायत पर प्रखंड समन्वयक को डीसी ने किया कार्यमुक्त

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अबुआ आवास योजना दिलाने के नाम पर पैसे लेने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा प्रखंड समन्वयक को कार्यमुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार डंडई प्रखंड अन्तर्गत अबुआ आवास योजना दिलाने के लिए को-ऑर्डिनेटर पर महिला से 40 हजार रूपए लेने के लगे आरोप के मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा जांच का आदेश दिया गया। उक्त आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डंडई द्वारा मामले की गहन जाँच की गई। जाँच में अरविन्द कुमार, प्रखण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रखण्ड डण्डई दोषी पाए गए। जिसके आलोक में अरविन्द कुमार, प्रखण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रखण्ड डण्डई को उपायुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया। साथ ही प्रिया कुमारी, प्रखण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, प्रखण्ड गढ़वा को स्थानांतरित करते हुए डण्डई प्रखण्ड में पदस्थापित किया गया। श्रीमती कुमारी को निदेश दिया गया है कि प्रखण्ड डण्डई में अविलम्ब योगदान करते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# मध्यप्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन में देश भर में फहराया श्रेष्ठता का परचम



एजेंसी

**भोपाल :** स्वच्छ भारत मिशन में मध्य प्रदेश ने देशभर में श्रेष्ठता का परचम फहराया है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2023 में श्रेष्ठ राज्य के रूप में देशभर में दूसरे स्थान की रैंकिंग प्राप्त की है। राज्य के 6 शहरों ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में सफाई के मापदण्डों के अनुसार केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्टार रेटिंग भी दी जाती है। राज्य के कई शहरों ने अच्छी रेटिंग प्राप्त कर अपनी जगह बनाई है। जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता को हमेशा श्रेष्ठ स्थान पर रखा। महात्मा गांधी देश में आधुनिक तरक्की के साथ-साथ स्वच्छ भारत की कल्पना भी करते थे। महात्मा गांधी स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि स्वच्छ भारत से ही पूरी दुनिया में भारत की अच्छी पहचान बनेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के इस सपने को पूरा करने के लिए वर्ष 2014 से स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की। उनके इस जन आंदोलन से स्वच्छ भारत मिशन में कचरे और कचरे में काम करने वाले लोगों के प्रति सोच बदली है। मध्यप्रदेश के सभी शहरों ने इस दिशा में पिछले नौ वर्षों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास किये हैं। नागरिकों के सकारात्मक प्रयासों से व्यक्तिगत शौचालय, सार्वजनिक शौचालय सुविधा, अपशिष्ट प्रबंधन आदि मध्यप्रदेश में स्वच्छता जनआंदोलन को नई गति मिली है।उन्होंने कहा कि देश में जब भी स्वच्छ शहरों की बात होती है तो लोग इंदौर का जिक्र जरूर करते है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कारावास की सजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पॉस्को के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी मांडर निवासी आफताब अंसारी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस घटना को लेकर पीड़ित के परिजनों ने अप्रैल, 2022 में मांडर थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। हालांकि, बाद में अदालत में पीड़ित ने दुष्कर्म की बात बताई थी। आरोप पत्र दाखिल होने पर अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था।

## सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले में सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन को लेकर मोटरसाईकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गये लोगों को जिला परिवहन पदाधिकारी एवं सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान उन्हे यातायात नियमो का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही उसके प्रति जागरूक करने को जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया। सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग के अर्न्तगत सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है। इससे पता चलता है कि बाइक की गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने होती है। बताया गया कि ऐसी गलती न करें। यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी और आईटी नीरज पांडेय आदि उपस्थित थें।

## आपकी लगन और मेहनत अवश्य रंग लाएगी : अविनाश देव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। अलग-अलग चयनित विषयों की परीक्षा निर्धारित है। बुधवार से संत मरियम विद्यालय के बच्चों के बोर्ड परीक्षा की शुरुआत है। मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने सभी बच्चों को समूह में बुला कर मानसिक तौर पर बच्चों को सशक्त किया। हौसला के साथ शांतिप्रिय ढंग से एकाग्र हो कर इम्तिहान लिखने का नसीहत दिया। दही गुड़ खिला कर परीक्षा केंद्र के लिए विदा किया गया। आवासीय बच्चों को अपने मां पिता अभिभावक की कमी न खले इसके लिए परीक्षा हॉल तक वे खुद सशरीर उपस्थित रहें। बच्चों को उत्प्रेरित करते अविनाश देव ने कहा की परीक्षा हॉल सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहे, और आप प्रत्येक प्रश्न को आत्मविश्वास के साथ हल करें।सभी परीक्षा में आपको कामयाबी मिले। आपकी लगन और मेहनत अवश्य रंग लाएगी।

जीवन की गाड़ी सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने का प्रयास करना है। बोर्ड परीक्षा आगे के बेहतर पढ़ाई का आधारभूत संरचना है। इसलिए बोर्ड की उत्कृष्टता आपका भविष्य तय करेगा।

मैं आप सबों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। ढेर सारी शुभकामनाएं।

# यूपी : हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा आज से शुरू



एजेंसी

**लखनऊ :**वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षायें आज 22 फरवरी से शुरू होकर 09 मार्च, 2024 को समाप्त होगी। वर्ष 2017 से पहले इन परीक्षाओं को सम्पन्न कराने में एक माह से भी अधिक समय लगता था। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 1571184 छात्र तथा 1376127 छात्राएंद्य (कुल-29,47,311) एवं इण्टरमीडिएट के 1428323 छात्र तथा 1149676 छात्राएं (कुल-25,77,997) सम्मिलित होंगे। कुल 55,25,308 परीक्षार्थियों में से 5360745 संस्थागत एवं 164563 व्यक्तिगत् परीक्षार्थी हैं।नकल पर प्रभावी रोकथाम के कारण वर्ष 2024 में 164563 छात्र/छात्रा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में पंजीकृत हुए हैं, जबकि 2017 में यह संख्या 3,53,106 थी। इसके अन्तर्गत बाह्य प्रदेशों से 2017 में पंजीकरण कराने वाले 1,50,209 परीक्षार्थियों के स्थान पर वर्ष 2024 में बाह्य प्रदेशों/अन्य बोर्डो के परीक्षार्थियों की संख्या भी मात्र 4905 रह गयी है। वर्तमान सरकार द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, उनकी धारण क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए, साफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन कराया गया। 2017 से पहले 12 हजार से भी अधिक केन्द्र बनते थे किन्तु ऑनलाइन केन्द्र निर्धारण व्यवस्था से कम परीक्षा केन्द्र (वर्ष 2024 की परीक्षा में 8265) बने, जिससे उनका पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण सुगम हुआ।

बोर्ड परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन कराने के लिए विगत वर्षो में अपनाई गई प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया गया है। राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केन्द्र लखनऊ और परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमाण्ड एवम् कन्ट्रोल सेंटर स्थापित किये गये हैं, जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं जनपद स्तरीय कन्ट्रोल एवम् मानीटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जायेगी।

परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निदान हेतु 02 हेल्प नम्बर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श हेतु 02 हेल्प नम्बर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किये गये हैं।

इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं करायी गयी है। इनके माध्यम से जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की जायेगी। जनपदीय कन्ट्रोल सेन्टर को संचालित करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा नामित प्रशासनिक अधिकारी को तैनात किया गया है। नकल की सम्भावनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रश्नपत्रों को खोलने की कार्यवाही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जायेगी तथा संकलन केन्द्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घण्टे निगरानी के लिए सशस्त्र बल एवं लाइव सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गयी है। स्ट्रांग रूम का प्रातः कालीन सचल दल द्वारा निरीक्षण की व्यवस्था की गयी है।

## मुख्यमंत्री आवास में 22 को होगी सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो दो मार्च तक चलेगा। इसे लेकर राज्यपाल ने अपनी मंजूरी दे दी है। बजट सत्र में 27 फरवरी को सरकार वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश करेगी। इधर, विधानसभा बजट सत्र को लेकर 22 फरवरी को सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की बैठक बुलाई गई है।यह बैठक कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर शाम चार बजे होगी, जिसमें विधायकों के लिए व्हिप भी जारी होगी। बैठक से पहले 22 फरवरी को ही सुबह 11ः00 बजे से झामुमो कार्य समिति की बैठक भी बुलाई गई है, जिसमें पार्टी के सभी विधायक और सांसद शामिल होंगे यह बैठक भी कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में ही होगी।

## परमाणु नगरी पोखरण से हुआ मरु महोत्सव का भव्य आगाज



एजेंसी

**जैसलमेर :** जैसलमेर जिले के पोकरण में जग विख्यात चार दिवसीय मरू महोत्सव का आगाज बुधवार को हुआ। लोक लहरियों की गूंज और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य शोभायात्रा में निकाली गई। इससे पहले विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी सहित अतिथियों ने सालम सागर तालाब पर स्थित नेपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। मरू महोत्सव के शुभारंभ पर समूचे शहर में उत्साह पसरा रहा। रास्ते भर व्यवसायियों, विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं और शहरवासियों ने रंगोली व मांडने बनाकर तथा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में सीमा सुरक्षा बल के बैंड ने राजस्थानी गीतों की धुनों पर स्वर लहरियां बिखेरी वही लोक वाद्यों की स्वर लहरियों पर कलाकारों के कई समूहों ने आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुत कर खूब मनोरंजन करते हुए मरुभूमि और राजस्थान की लोक संस्कृति का परिचय दिया। शोभायात्रा में सजे धजे ऊँटों पर सवार बीएसएफ के जवान व बीएसएफ की महिला टुकड़ी हाथों में तिरंगा लिए हुए थी। वहीं सजी धजी रंगीन पोशाकों में मंगल कलश धारण की हुई बालिकाएं अनुपम छटा बिखेर रही थी। शोभायात्रा पंचायत समिति नगर पालिका जयनगर सर्कल से होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक जहां पर लोक कलाकार द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई तथा वहीं स्कूली छात्र द्वारा भी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए समझ में कई प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें मटका प्रेस प्रतियोगिता वह रास्ता काशी प्रतियोगिता आयोजित की गई कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र मिस्टर पोकरण व मिस पोकरण प्रतियोगिता रही जिसमें मिस्टर पोकरण का खिताब अभिषेक छंगाणी व मिस पोकरण का ख़िताब अंतिमा खत्री को दिया गया। रसाकसी प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग में कपिल पीएल जिम के बालक व बालिकाओं ने खिताब जीता।

## उप्र में 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय : योगी आदित्यनाथ



एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि 2016-17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। यह उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऋण मेलों का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहे। बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी।राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डेटा उपलब्ध करायें। ताकि प्रदेश के हर परिवार की स्थिति का सही आकलन किया जा सके।

अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जनधन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

## हेमंत सोरेन के विस के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में बहस पूरी, आदेश आज

**रांची :** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की विशेष अदालत में 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने मामले में बुधवार को बहस पूरी हो गई। मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत 22 फरवरी को आदेश सुनाएगी। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि बजट सत्र में मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का रहना जरूरी है। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा, जो दो मार्च तक चलेगा। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सदन की कार्यवाही में शामिल होने की एक दिन की अनुमति ईडी कोर्ट से मिली थी।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वितरित किया नियुक्ति पत्र



एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में एक समारोह में लोक सेवा आयोग के माध्यम से वित्त विभाग के अंतर्गत लेखा परीक्षक के पद पर चयनित 51 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को श्रेष्ठ व नम्बर-एक राज्य बनाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी नव नियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी सच्ची लगन और मेहनत से अपने कार्य को निपुणता से करेंगे, इसकी उन्होंने अपेक्षा की।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों, हमारा यह प्रयास धीरे-धीरे धरातल पर उतरने लगा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में अधिक से अधिक युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के और अधिक अवसर मिल पाएंगे।मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं से कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको एक ऐसे प्रदेश में सेवा का मौका ईश्वर ने दिया है, जिसमें आपकी एवं राज्य की प्रगति की असीम संभावनाएं हैं। जो भी कार्य करें, उसे पूर्ण ईमानदारी और लगन से करें और पूरी कोशिश करें कि जो काम आज होना है, उसे आज ही सम्पन्न करें,उस काम को कभी भी कल के लिये मत छोड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हजारों युवाओं में से आपको यह अवसर विशिष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में मानक तय करने होंगे। अनुशासित होकर ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का लक्ष्य बनाना होगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। हमारी सरकार प्रदेश के हर वर्ग के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही है और करती रहेगी। आप सभी उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे 'विकल्प रहित संकल्प' की सिद्धि में भी इसी प्रकार अपना सहयोग देते रहेंगे।